

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 08 अप्रैल 2026 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष -42 ■ अंक-010 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 9 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये







## पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का निधन

**नई दिल्ली,8 अप्रैल।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार तड़के 4 बजे नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को आज दोपहर तीन बजे उनके नोएडा स्थित आवास (सेक्टर-40) से अंतिम यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। शाम करीब 5 बजे उन्हें निजामुद्दीन कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। वह लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रही थीं, कांग्रेस संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुकी थीं और गांधी परिवार के काफी करीबी रही थी। किदवई ने केंद्र सरकार में मंत्री रहीं, इसके अलावा वह हज कमेटी की अध्यक्ष भी रहीं। वह कई बार की सांसद रहीं और उन्होंने कांग्रेस महासचिव के रूप में भी कार्य किया। वह कांग्रेस कार्य समिति और पाटर्ी की केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य भी रहीं। सांसद मनीष तिवारी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमती किदवई एक कद्दावर नेता थीं और उन्होंने कई बार सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में देश की सेवा की।

## युवक-युवती ने लगाई फांसी

**रायगढ़,8 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में युवक और युवती ने एक ही फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह दोनों की लाश जंगल में पेड़ से लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मामला छाल थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान भुंडीबाहरी निवासी रामकुमार अगरिया (25) और परमेश्वरी अगरिया (20) के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में मामला प्रेम संबंध से जुड़ा बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह ग्राम एडूकला के जंगल में ग्रामीण महुआ बिनने गए थे। इसी दौरान उन्होंने पेड़ पर युवक और युवती को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। ग्रामीणों ने तुरंत छाल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के साथ जांच शुरू कर दी। शवों को नीचे उतारकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

**जगदलपुर,8 अप्रैल।** शहर के धरमपुरा रोड पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। यह घटना धरमपुरा स्थित विशाल मेगामार्ट के पास की बताई जा रही है, जहां दीपक विश्वकर्मा नाम का युवक अचानक टावर पर चढ़ गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए लगातार समझाइश दे रही है। बताया जा रहा है कि युवक पारिवारिक कारणों से तनाव में था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। युवक को भोपाल का निवासी बताया जा रहा है। वहीं मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस और स्थानीय प्रशासन स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हुए हैं।

## जिला अस्पताल में एंटी-रेबीज और टिटनेस के इंजेक्शनों की कमी पर हाईकोर्ट सख्त

**बिलासपुर.8 अप्रैल।** हाईकोर्ट ने जिला अस्पताल में एंटी-रेबीज और टिटनेस के इंजेक्शनों की कमी के मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट कमिश्नर को अस्पताल की रिपोर्ट पेश करने को कहा है. साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव को शपथपत्र पेश करने का निर्देश दिया है. चीफ जस्टिस की डीबी में राज्य के अधिवक्ता ने यह बताया कि बिलासपुर के ज़िला अस्पताल में एंटी-रेबीज़ और टिटनेस के इंजेक्शनों की कमी के संबंध में, समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार असत्य है. उन्होंने दिनांक 05.04.2026 के निर्देशों की एक प्रति प्रस्तुत की, जिसे छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव को अग्रेषित किया गया है.

# युद्ध विराम: अमेरिका ने मानी सभी शर्तें, ईरान की बड़ी जीत

### 10 सूत्रीय योजना में छिपा है पूरा गेम प्लान

वाशिंगटन,8 अप्रैल। अमेरिका और ईरान में 40 दिनों तक भीषण युद्ध चलने के बाद आखिरकार युद्ध विराम हो गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ 2 हफ्ते के सीजफायर का ऐलान किया है। ट्रंप ने जहां, इस सीजफायर के पीछे ईरान द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सुरक्षित खोलने के वादे को आधार



बनाया है तो वहीं ईरान ने इसे अपने 10 शर्तो वाले प्रस्ताव को मानने को आधार बताते हुए इसे अमेरिका के खिलाफ अपनी जीत करार दिया है। आइये आपको बताते हैं कि सीजफायर के ऐलान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपनी-अपनी पोस्ट में क्या दावा किया? ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, " पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने मुझसे अनुरोध किया कि आज रात ईरान के लिए भेजी जा रही विनाशकारी फोर्स को रोक दिया जाए, क्योंकि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान हॉर्मुज जलडमरूमध्य को तत्काल और सुरक्षित रूप से पूरी तरह खोलने पर सहमत हो रहे हैं, उनके साथ हुई इस बातचीत के आधार पर मैं ईरान पर दो सप्ताह की अवधि के लिए बमबारी और हमला स्थगित करने के लिए सहमत हूं। यह एक द्विपक्षीय युद्धविराम होगा! ऐसा करने का कारण यह है कि हमने पहले ही अपने सभी सैन्य उद्देश्यों को पूरा कर लिया है और उनसे आगे निकल चुके हैं तथा ईरान के साथ दीर्घकालिक शांति और मध्य पूर्व में शांति संबंधी एक निश्चित समझौते की दिशा में बहुत आगे बढ़ चुके हैं। हमने ईरान से 10 सूत्रीय प्रस्ताव प्राप्त किया है और मानते हैं कि यह वार्ता के लिए एक व्यावहारिक आधार है। संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच पिछले विवादों के लगभग सभी बिंदुओं पर सहमति बन चुकी है, लेकिन दो सप्ताह की अवधि इस समझौते को अंतिम रूप देने और पूरा करने की अनुमति देगी। संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति के रूप में तथा मध्य पूर्व के देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए यह सम्मान की बात है कि यह दीर्घकालिक समस्या समाधान के बहुत करीब पहुंच गई है। इस मामले पर आपके ध्यान के लिए धन्यवाद!राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप" अब्बास अराघची ने एक्स पर लिखा, " इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की ओर से मैं अपने प्रिय भाइयों, पाकिस्तान के माननीय प्रधानमंत्री शरीफ और माननीय फील्ड मार्शल मुनीर का इस क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने के लिए उनके अथक प्रयासों के लिए हार्दिक आभार और सराहना व्यक्त करता हूं।

#### ईरान की 10 शर्तें इस प्रकार हैं

- आगे कोई आक्रामकता नहीं यानी ईरान पर कोई हमला न होने की गारंटी हो
- होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का लगातार नियंत्रण जारी रहेगा
- ईरान के यूरेनियम संवर्धन को स्वीकृत देनी होगी
- सभी प्राथमिक प्रतिबंध हटाना
- सभी द्वितीयक प्रतिबंध हटाना
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी प्रस्तावों को समाप्त करना
- आईएईए बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सभी प्रस्तावों को समाप्त करना
- ईरान को हमले में हुए नुकसान के लिए अमेरिका द्वारा मुआवजा का भुगतान करना
- मिडिल-ईस्ट क्षेत्र से अमेरिकी लड़ाकू सैन्य बलों की वापसी
- सभी मोर्चों पर युद्ध का अंत हो, जिसमें लेबनान के वीर इस्लामिक प्रतिरोध (हिजबुल्लाह) के खिलाफ युद्ध भी शामिल है।

# बस्तर बनेगा सबसे समृद्ध संभाग : केदार कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़



**रायपुर,8 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं। इसे लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को बस्तर का ब्लू प्रिंट सौंपा है। आने वाले समय में बस्तर और छत्तीसगढ़ के विकास में बड़ा असर पड़ेगा।सरकार की मंशा है कि वहां पर शिक्षा, स्वास्थ्य की व्यवस्था और अधोसंरचना का निर्माण हो। मुख्यमंत्री के प्रयास के कारण ही प्रधानमंत्री की जो मंशा है वह पूरी हुई है। हमें विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी बस्तर जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़कर काम करेगी। लगातार भूजल स्तर में गिरावट को लेकर मंत्री कश्यप ने कहा, लगातार भूजल का दोहन करेंगे तो जलस्तर में गिरावट आएगी। इसके लिए लगातार कोशिश की जा रही है। गर्मी की फसल में कम से कम भूजल का दोहन हो, कई जगह पर इस पर पाबंदी लगाई है। किसानों ने भी इस पर बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है। कांग्रेस की होने वाली बैठक को लेकर केदार कश्यप ने कहा, पिछले सवा दो वर्षों से कोशिश से जारी है। मेरी शुभकामनाएं है कि जो अंदरूनी झगड़े हैं उससे निजात पाए, फिर बाद में सड़क पर आए। यह अच्छा लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी सड़क पर आती है, उन्हें इस बात का भी जवाब देना चाहिए कि आजादी के लंबे समय बाद भी इस देश, राज्य और क्षेत्र में शासन किया और उनके लिए क्या योजना बनाई, जिन योजनाओं का क्रियान्वयन की दृष्टि से हमारी सरकार ने काम किया। पिछली सरकार ने उन योजनाओं को बंद करने का काम किया तो उनका भी जवाब उन्हें देना चाहिए। नक्सलमुक्त गांव को एक करोड़ रुपए देने को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा, पंचायत के तहत घोषणा की गई थी। बहुत सारी पंचायत को इसमें लिस्टिंग किया गया है। जो खुद से आकर नक्सल मुक्त पंचायत के रूप में अपने आप को घोषित करें उसके लिए प्रावधान था। वैसे भी देश के प्रधानमंत्री और हमारी सरकार लगातार उस क्षेत्र को सपोर्ट कर रही है। आने वाले समय में सबसे समृद्ध संभाग के रूप में हमारा बस्तर संभाग होगा।

## नर्सिंग काउंसिल की रजिस्ट्रार दुर्गावती उसारे सस्पेंड

**रायपुर,8 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग में बड़ा प्रशासनिक भूचाल आया है। छत्तीसगढ़ नर्सिंग काउंसिल की रजिस्ट्रार दुर्गा उसारे को सस्पेंड कर दिया गया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से उनके प्रभार से हटाते हुए रायपुर के CMHO कार्यालय में अटैच कर दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई के पीछे काउंसिल के ही डेली वेजेस यानी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की बड़ी भूमिका सामने आ रही है, जिनकी शिकायतों के बाद ही जांच शुरू हुई थी।

# चुपके से दिल्ली पहुंचे बांग्लादेशी विदेश मंत्री

**नई दिल्ली,8 अप्रैल।** राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी स्थाई नहीं होती। सिर्फ हित स्थायी होते हैं। और इसी कहावत को बता दें कि सच साबित करती एक बड़ी खबर सामने आई है जिसने हलचल मचा दी है। बता दें कि दिल्ली पहुंचे बांग्लादेश के विदेश मंत्री और इसके पीछे जो पर्दे की कहानी बताई जा रही है वो यह है कि अजीत डोभाल ने अपना मास्टर स्ट्रोक खेला है। यह खबरें सामने आई है कि 7 अप्रैल की शाम बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलील उर रहमान नई दिल्ली पहुंचे हैं। लेकिन बता दें कि यहां पर सिर्फ एक मुलाकात नहीं हो रही। यह सिर्फ एक दौरा नहीं है। यह भारत बांग्लादेश रिश्तों के नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है। दरअसल ये इसलिए भी बड़ा है क्योंकि बांग्लादेश में सत्ता बदलने के बाद यह पहला हाई लेवल विजिट है। जहां अब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी कि बीएनपी की सरकार सत्ता में है और तारिक रहमान प्रधानमंत्री है। इसके पहले बता दें कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के दौरान दोनों देशों के बीच में यानी कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते में एक खटास आई थी। दोनों के रिश्ते में काफी तनाव आ गया था।

दरअसल 8 अप्रैल को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ हैदराबाद हाउस में बड़ी बातचीत के साथ ही उनकी मुलाकात होगी और इसी के साथ ही पीयूष गोयल हरदीप सिंह पूरी के साथ में भी उनकी मुलाकात हो सकती है और फिर उसके बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी उनकी मुलाकात होगी। अजीत डोभाल भारत की स्ट्रेटेजिक और सिक्योरिटी पॉलिसी के मास्टरमाइंड माने जाते हैं। उनका इस मीटिंग में शामिल होना यह साफ संकेत देता है कि बातचीत सिर्फ यहां पर डिप्लोमेसी की नहीं होगी.

# वित्त वर्ष 2026-27 में 6.9% रहेगी भारत की विकास दर

**मुंबई,8 अप्रैल।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का रोडमैप जारी किया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए अनुमान लगाया कि इस साल



वास्तविक जीडीपी (GDP) वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहेगी। यह पिछले वित्त वर्ष (2025-26) के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से कम है। आरबीआई ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण जिंस की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान जैसी चिंताओं से वृद्धि दर में यह नरमी रह सकती है।

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि प्रमुख समुद्री मार्गों में व्यवधान एवं इसके कारण ढुलाई तथा बीमा लागत में वृद्धि से माल निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि सेवा क्षेत्र की निरंतर मजबूती, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों के युक्तिकरण का असर, विनिर्माण क्षेत्र में क्षमता उपयोग में वृद्धि तथा वित्तीय संस्थानों एवं कॉरपोरेट के मजबूत बही-खाते घरेलू मांग को समर्थन देंगे। नई जीडीपी श्रृंखला (आधार वर्ष 2022-23) के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 2025-26 में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मल्होत्रा ने कहा कि ऊर्जा और अन्य जिंस की ऊंची कीमतें, साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से आपूर्ति को लगे झटके 2026-27 में घरेलू उत्पादन की गति को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में बढ़ती अस्थिरता एवं उसके घरेलू वित्तीय परिस्थितियों पर असर से भी वृद्धि की संभावनाओं पर दबाव पड़ सकता है। केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित रणनीतिक व उभरते क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयास भारत की दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं के लिए सकारात्मक हैं।

### छत्तीसगढ़ के यूको बैंक ने हाईकोर्ट के एक आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी

# वीआरएस अधिकारी-कर्मचारियों का अधिकार : सुको

**नई दिल्ली,8 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट ने वीआरएस यानी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने साफ कहा कि वीआरएस सिर्फ नौकरी छोड़ना नहीं है। यह एक कर्मचारी का अलग और स्वतंत्र अधिकार है। यह अधिकार तब मिलता है जब कर्मचारी तय सालों की सेवा पूरी कर लेता है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने यह फैसला सुनाया है। यह मामला एक बैंक की अपील पर सामने आया था। बैंक ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के 2019 के दो अलग-अलग आदेशों को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि कोई कर्मचारी 20 साल की सेवा के बाद तीन महीने का नोटिस देता है, तो वह वीआरएस का हकदार है। वहीं, नियोक्ता उस नोटिस अवधि के दौरान आवेदन को रद्द नहीं करता, तो सेवानिवृत्ति अपने आप लागू हो जाती है। नोटिस अवधि खत्म होने के बाद की गई कोई भी अस्वीकृति अमान्य मानी जाएगी। यह व्यवस्था कर्मचारियों को मनमाने तरीके से रोके जाने से बचाती है।

छत्तीसगढ़ के यूको बैंक ने हाईकोर्ट के एक आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने बैंक पूर्व मैनेजर एसके श्रीवास्तव को सेवानिवृत्ति लाभ देने का आदेश दिया था। साथ ही, उनकी बर्खास्तगी को रद्द कर दिया था। एसके श्रीवास्तव ने 1983 में यूको बैंक में क्लर्क-गोडाउन कीपर के रूप में काम शुरू किया था। 2007 में उन्हें मैनेजर के पद पर प्रमोट किया गया था। जुलाई 2010 में बैंक ने उनके शाखा में संदिग्ध लेन-देन देखा। इसके बाद श्रीवास्तव ने 4 अक्टूबर 2010 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का नोटिस दे दिया था। बैंक ने 11 नवंबर 2010 को उन्हें शो-कॉज नोटिस जारी किया था। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की नोटिस की तीन महीने की अवधि 4 जनवरी 2011 को समाप्त हो गई थी। इसके बाद भी श्रीवास्तव काम करते रहे और 16 मई 2011 के बाद काम पर नहीं आए। 29 जून 2011 को बैंक ने उन्हें बताया कि उनका स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति आवेदन



स्वीकार नहीं किया गया था। इसके आठ महीने बाद, 5 मार्च 2012 को बैंक ने उन्हें आरोप पत्र जारी कर बर्खास्त कर दिया था। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने इस मामले में कर्मचारी के पक्ष में फैसला दिया था। कोर्ट ने कहा कि बैंक ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति रद्द नहीं की, इसलिए श्रीवास्तव को सेवानिवृत्त माना गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को सही माना है। पीठ ने कहा कि कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद के सभी परिणामी लाभों का हकदार है। बैंक को निर्देश दिया गया कि वह लागू ब्याज सहित सभी बकाया राशि तीन महीने के भीतर चुकाए। यह फैसला उन लाखों सरकारी और बैंकिंग कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत है, जिन पर वीआरएसआवेदन के बाद दबाव बनाया जाता है। यह फैसला भारत के लाखों नौकरीपेशा लोगों के लिए बेहद अहम है। बैंकिंग और सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को अक्सर वीआरएस आवेदन के बाद उत्पीड़न या जांच का सामना करना पड़ता है। यह फैसला भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार की रक्षा करता है। यह श्रम कानून में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करता है। डिजिटल और सामाजिक नैतिकता के नजरिए से भी यह जरूरी है कि नियोक्ता अपने अधिकार का दुरुपयोग न करें। यह खबर उन सभी कर्मचारियों को जागरूक करती है जो अपने सेवानिवृत्ति के अधिकार को लेकर अनिश्चित हैं।

## खरगे ने गुजरातियों से मांगी माफी

**नई दिल्ली,8 अप्रैल।** मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हाल ही में केरल में दिए गए मेरे एक चुनावी भाषण की कुछ टिप्पणियों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। फिर भी, मैं अपनी तरफ से जिम्मेदारी के साथ खेद व्यक्त करता हूं। केरल विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान गुजरात के लोगों पर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने माफी मांगी है। उन्होंने कहा है कि उनकी टिप्पणियों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है, लेकिन फिर भी वह खेद व्यक्त करते हैं। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "हाल ही में केरल में दिए गए मेरे एक चुनावी भाषण की कुछ टिप्पणियों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। फिर भी, मैं अपनी तरफ से जिम्मेदारी के साथ खेद व्यक्त करता हूं। गुजरात के लोगों के प्रति मेरे मन में हमेश सर्वोच्च सम्मान रहा है और हमेशा रहेगा। वहां के लोगों की भावनाओं को आहत करना मेरा कभी उद्देश्य नहीं था।" दरअसल, पिछले दिनों केरल चुनाव के दौरान प्रचार करते हुए खरगे ने एक रैली को संबोधित किया था,

# रिसाली नगर निगम का 223.51 करोड़ का बजट पारित, 12.08 लाख का लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली,8 अप्रैल।** नगर पालिक निगम रिसाली का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट मंगलवार को सदन में प्रस्तुत किया गया। महापौर शशि सिन्हा ने 23 मिनट के बजट अभिभाषण में कुल 223 करोड़ 51 लाख रुपये का बजट पेश किया, जिसे करीब सवा तीन घंटे की चर्चा के बाद सभापति केशव बंछोर ने विशेष सभा में पारित कराया। यह बजट 12 लाख 08 हजार रुपये के लाभ के साथ संतुलित बजट माना जा रहा है। महापौर ने अपने अभिभाषण में कहा कि यह बजट उनके कार्यकाल के अंतिम वर्ष का महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसमें शहर को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित और आधुनिक बनाने का संकल्प शामिल है। उन्होंने वर्ष 2025-26 में किए गए कार्यों को उपलब्धि पूर्ण बताते हुए आगामी योजनाओं की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

**आय-व्यय का विवरण**

बजट में कुल प्राप्तियां 223 करोड़ 51 लाख रुपये और कुल व्यय 223 करोड़ 38 लाख 92 हजार रुपये अनुमानित है, जिससे निगम को 12.08 लाख रुपये का लाभ होगा।

**विकास कार्यों पर जोर**

महापौर ने बताया कि अधोसंरचना मद के तहत 182 निर्माण कार्यों के लिए 13.36 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 21.47 करोड़ रुपये की लागत से सड़क, पाइपलाइन, ओवरहेड टैंक और मरम्मत कार्य किए जाएंगे। नगरोत्थान योजना के तहत 17.23 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इसके अलावा ध्स्क मद से 1.32 करोड़, पार्षद निधि से 2.40 करोड़ और महापौर निधि से 1.12 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

**हरित पहल और नागरिक सुविधाएं**

निगम क्षेत्र में वुमेन फॉर ट्री योजना के तहत छह महिला समूहों द्वारा पौधारोपण और देखभाल का कार्य किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को घर बैठे टैक्स भुगतान की सुविधा दी गई है, जिसमें यूपीआई, क्रेडिट और डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। व्हाट्सएप के जरिए टैक्स संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे लगभग 27 हजार नागरिक लाभान्वित हुए हैं।

**सदन में हुआ हंगामा**

बजट चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली।

कर्मचारी दुर्घटना में मृत्यु और ईडब्ल्यूएस जमीन के मुद्दे पर विवाद हुआ, जिस पर विपक्ष के पार्षद गर्भगृह में जाकर बैठ गए। सभापति ने संबंधित मामलों में अधिकारियों को गंभीरता से कार्रवाई कर जानकारी देने के निर्देश दिए। अंततः सभी बहसों के बाद शाम 6ः15 बजे बजट को विशेष सभा में पारित कर दिया गया।

## पावर हाउस चौक पर अवैध ठेलों के खिलाफ कार्रवाई

**भिलाई, 8 अप्रैल।** नगर निगम द्वारा जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत पावर हाउस चौक पर अवैध ठेलों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बढ़ते यातायात दबाव और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए निगम प्रशासन ने यह कदम उठाया। निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ठेलों को हटाया और ठेला संचालकों को सख्त हिदायत दी कि वे भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण न करें। पावर हाउस चौक शहर का अत्यंत व्यस्त मार्ग है, जहां ठेलों के कारण यातायात बाधित हो रहा था और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ था। निगम अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आम नागरिकों की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### एसएमएस-2 का नया कीर्तिमान स्टील लेडल आयु 143 हीट्स



**भिलाई, 8 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई इस्पात संयंत्र की इस्पात गलन शाला-2 ने स्टील लेडल की आयु 143 हीट्स तक पहुंचाकर नया रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले अधिकतम आयु 140 हीट्स थी। लेडल क्रमांक-31 का अभियान 16 जनवरी 2025 से शुरू हुआ, जिसमें प्रत्येक हीट के बाद सतत निगरानी और समयबद्ध अनुरक्षण किया गया। रिफैक्टरी अभियांत्रिकी विभाग और एसएमएस-2 टीम के समन्वय से लेडल की कार्यक्षमता बढ़ाई गई। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने टीम की सराहना करते हुए इसे तकनीकी उत्कृष्टता का प्रतीक बताया। इस उपलब्धि से उत्पादकता बढ़ने, लागत घटने और संसाधनों के बेहतर उपयोग में मदद मिली है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**भिलाई, 8 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर महात्मा गांधी कला मंदिर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार रहे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला है और वैज्ञानिक सोच के माध्यम से स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने नशे से दूर रहने और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर ही रोगों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। प्रदूषण नियंत्रण मंडल की क्षेत्रीय अधिकारी अनीता सावंत ने सफाई कर्मियों को शहर का मौन प्रहरी बताया। इस अवसर पर नगर सेवाएं विभाग के 42 स्वच्छता कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। संचालन अनिल पांडे तथा आभार प्रदर्शन आर.के. गुप्ता ने किया।

### बीएमडीसी में प्लांट मेंटेनेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**भिलाई, 8 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्लांट मेंटेनेंस विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों से 31 प्रतिभागी शामिल हुए, जिन्हें प्रिवेंटिव मेंटेनेंस, ब्रेकडाउन विश्लेषण, उपकरण स्वास्थ्य निगरानी और पूंजीगत मरम्मत योजना से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार रहे। उन्होंने उपकरणों की विश्वसनीयता बढ़ाने और संसाधनों के बेहतर उपयोग में इस प्रशिक्षण की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। महाप्रबंधक अजय सचदेव ने उपकरण प्रबंधन, मेंटेनेंस योजना और डेटा आधारित कार्यप्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं महाप्रबंधक संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बेहतर योजना और सतत निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया।

### क्रिकेट सट्टा खेलाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 8 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के ग्राम खेदामारा नहर किनारे मैदान में चल रहे आईपीएल हाईटेक क्रिकेट सट्टा ऐप उपलब्ध कराकर संचालन करने वाले मास्टर माइंड आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी के घर में दबिश में पुलिस ने सट्टा संचालन से संबंधित सामग्री, अवैध शराब एवं मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि 5 अप्रैल को थाना जामुल पुलिस एवं एसीसीयू टीम ने ग्राम खेदामारा नहर किनारे मैदान में ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इनके विरुद्ध धारा 4, 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई कर पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मनिन्दर सिंह (36 साल ) निवासी लेबर कैम्प वार्ड क्रमांक 08, जामुल ऑनलाइन सट्टा ऐप उपलब्ध कराकर संचालन कराया जा रहा था, जो स्थान बदल-बदलकर गतिविधि संचालित करता था। प्रकरण में फरार आरोपी मनिन्दर सिंह की तलाश के दौरान मंगलवार को उसके निवास पर दबिश देकर तलाशी के दौरान 2 नग मोबाइल, बैंक पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, 35 बोतल अंग्रेजी शराब, 4 किलो 650 ग्राम मादक पदार्थ गांजा गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट एवं 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है ।

## एक नजर

### ईओडब्लू ने 3 वाहन किए जब्त



**दुर्ग, 8 अप्रैल (तछसं.)।** दुर्ग जिले के कुम्हारी स्थित छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड से आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ईओडब्ल्यू ने अवैध शराब परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे तीन वाहनों को जब्त किया है जांच में सामने आया है कि इन वाहनों का उपयोग अवैध पार्ट-बी शराब को डिस्टिलरी से सीधे चुनिंदा शासकीय शराब दुकानों तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा था ईओडब्ल्यू की जांच में डिजिटल और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर यह पुष्टि हुई है कि डिस्टिलरी मालिक अपने भरोसेमंद लोगों के माध्यम से छोटे ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियों का इस्तेमाल कर अवैध शराब की सप्लाई करवा रहा था। इस काम के लिए कुछ तय वाहनों का बार-बार उपयोग किया जाता था जिससे शराब सीधे सरकारी दुकानों तक पहुंचाई जा सके यह कार्रवाई शराब घोटाला मामले के तहत की गई है अब तक 16 वाहन जब्त किए जा चुके हैं शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) और भारतीय दंड संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत जांच चल रही है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो पहले भी इस मामले में कार्रवाई कर चुका है। इससे पहले वेलकम डिस्टलरी कोटा (बिलासपुर) और भाटिया वाइंस डिस्टलरी सरगांव (मुंगेली) से कुल 16 वाहन जब्त किए जा चुके हैं चुनिंदा शराब दुकानों तक होती थी सीधी सप्लाई जांच एजेंसी के अनुसार डिस्टलरियों से अवैध शराब की सप्लाई सीधे कुछ चुनिंदा सरकारी देशी शराब दुकानों तक की जाती थी। इसके लिए अलग-अलग डिस्टलरियों में इस्तेमाल होने वाले वाहनों की पहचान की गई है। गवाहों के बयान और डिजिटल रिकॉर्ड के आधार पर यह भी पता चला है कि छग डिस्टलरीज दुर्ग में जब्त किए गए 3 वाहनों के अलावा कुछ अन्य वाहन भी इस काम में लगाए गए थे अन्य वाहनों की जांच, स्क्रैप करने की भी आशंका जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि कुछ वाहनों को स्क्रैप कर दिया गया है या उनका उपयोग अब दूसरे कामों में किया जा रहा है। ऐसे वाहनों के मालिक और उनके इस्तेमाल की जानकारी जुटाने के लिए अलग से जांच जारी है जांच एजेंसी इन सभी वाहनों और उनसे जुड़े लोगों की भूमिका की पड़ताल कर रही है ईओडब्ल्यू के अधिकारियों की मानें तो शराब घोटाले से जुड़े इस मामले में आगे भी जांच जारी रहेगी और जिन लोगों की भूमिका सामने आएगी, उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ब्यूरो इस पूरे नेटवर्क को खंगाल रहा है।

### महिला ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 8 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के सहगांव पथरिया गांव में एक ( 28 साल) महिला ने घर में अकेले रहते हुए डीजल डालकर आत्महत्या कर ली घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है पुलिस के अनुसार घटना के समय पति और सास-ससुर खेत गए थे, जबकि महिला घर पर हुए थ अकेली थी।

इसी दौरान उसने घर पर खड़े ट्रैक्टर से डीजल निकालकर अपने ऊपर डाल लिया और आग लगा ली घर से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे महिला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया बताया जा रहा है कि वह पूरी तरह जल चुकी थी।

# जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार सह आवास दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा,8 अप्रैल।** कबीरधाम ज़िले के सभी 471 ग्राम पंचायतों में रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन चावल महोत्सव के साथ किया गया।इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित जनमन आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों को आगामी 90 दिनों में पूर्ण करने ग्रामीणों के साथ चर्चा कर कार्य योजना बनाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा ने बताया कि रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए गए। ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया अभियान अंतर्गत नवा तरिया आय के जरिया हेतु स्थलों के चयन पर ग्रामीणों के साथ प्रस्तावित स्थलों का भ्रमण किया गया। कबीरधाम जिले में वर्षा ऋतु के पूर्व जल संरक्षण के साथ आजीविका संवर्धन की दिशा में अनेको प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में आजीविका डबरी का कार्य भी जोरो में चल रहा है और इसे जल्द पूरा करते हुए उपयोगी बनाने पर चर्चा हुई। रोजगार सह आवास दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने का अच्छा अवसर रहता है। जब एक साथ बहुत से ग्रामीण सामूहिक रूप से गांव के विकास हेतु विचार विमर्श कर निर्णय लेते हैं। मनरेगा योजना में रोजगार , गांव में हुए निर्माण कार्य और खर्च की जानकारी के लिए क्यूआर कोड उपयोग करने की विधि बताई गई।जल संरक्षण में समाज के सभी वर्गो की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने आह्वान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी हितग्राहियों को अपने घरों में सोक पिट बनाने के लिए प्रेरित किया गया। आजीविका डबरी से रोजगार के अवसरों पर जानकारी दी गई।

# जामुल मंडल ने 47वां भाजपा स्थापना दिवस ध्वजारोहण व सम्मान समारोह सोल्लास आयोजित कर मनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 8 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल द्वारा पार्टी का 47वां स्थापना दिवस मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा जामुल मंडल को सशक्त बनाने वाले बुद्धिजीवियों के परिजनों का सम्मान किया गया। साथ ही नागरिकों के बीच शरबत वितरण कर सेवा भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष यशवंत ठाकुर, किसान मोर्चा संभाग प्रभारी रायपुर रेखराम बंछोर, जिला सह-कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, मंडल महामंत्री ध्रुव देवांगन एवं ओमप्रकाश साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा उपाध्यक्ष सुनीता पांडे, अरुण यादव, मीडिया प्रभारी संजय यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, संजय शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष योगिता साहू, महामंत्री फुलेश्वरी निर्मलकर, प्रिया गुप्ता, पार्षद कविता विश्ववाल सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। व्यापारी प्रकोष्ठ से अंजेश अग्रवाल, देवदत्त शर्मा, विशेश्वर साहू, राजेंद्र चौहान, बजरंग सिंहा, पूर्व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र साहू, सुरेश मानिकपुरी, कुलेश्वर वर्मा, एससी मोर्चा अध्यक्ष बी.आर. रामटेक, दउवा राम ठाकुर, संतोष निषाद, रामकृष्ण साहू एवं सरस बर्मन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। महिला मोर्चा जिला स्तर से लक्ष्मी देवी, राजेश्वरी रेड्डी एवं प्रियंका चौधरी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता ने संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

## अरविंद कुमार वर्मा को समारोह का आयोजन कर ससम्मान विदाई दी

**दुर्ग, 8 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में माननीय श्री न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा के 7 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनके सम्मान में विदाई कार्यक्रम का आयोजन माननीय श्री मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के न्यायालय कक्ष में अपराह्न 03ः30 बजे संपन्न हुआ।

इस अवसर पर न्यायाधीश रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा के समग्र जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विधिक ज्ञान, निष्पक्षता एवं प्रशासनिक दक्षता की सराहना एवं उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके भावी जीवन हेतु शुभकामनाएं दी। माननीय मुख्य न्यायाधीश महोदय ने अभिव्यक्त किया कि न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा का न्यायिक जीवन उत्कृष्टता, निष्ठा और न्याय के प्रति अटूट समर्पण से परिपूर्ण रहा है।

## आईआईटी के शोधकर्ताओं को मिला राष्ट्रीय नवाचार में विचार सम्मान



**भिलाई, 8 अप्रैल।** आईआईटी भिलाई के रसायन विज्ञान विभाग के शोधकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के एक शोध समूह को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की नेक्स्ट जनरेशन आइडिएशन कॉन्टेस्ट 2025 में प्रशंसनीय विचार सम्मान से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम में भानेंद्र साहू, सुब्रत दोलुई, स्वरूप माईती, देबाशीष दास, के.सी. गुरजाला तथा डॉ. संजीब बैनर्जी शामिल हैं। कार्यक्रम में स्वरूप माईती ने टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शोध कार्य प्रस्तुत किया और पुरस्कार ग्रहण किया।



## छिरहा में चावल उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**कवर्धा।** छिरहा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान में सरपंच, पंच एवं स्थानी जनप्रतिनिधि , ग्रामीणों की उपस्थिति में धूमधाम से चावल उत्सव मनाया गया ।

# सुपेला क्षेत्र में जलापूर्ति सुदृढ़ करने पाइपलाइन इंटरकनेक्शन कार्य जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 8 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सुपेला क्षेत्र के लक्ष्मी नगर निजामी चौक में नई पानी टंकी से पाइपलाइन इंटरकनेक्शन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस कार्य के पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को नियमित एवं पर्याप्त जल आपूर्ति मिलने की उम्मीद है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार नई टंकी को पुरानी पाइपलाइन से जोड़ने का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है, ताकि जल वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा न आए। कार्य के दौरान तकनीकी मानदंडों और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। निगम प्रशासन के अनुसार, इस इंटरकनेक्शन कार्य से सुपेला क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलापूर्ति की समस्या में सुधार होगा और नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कर आम जनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## बेहतर स्वास्थ्य के मद्देनजर पानी खूब पिएं: डॉक्टर अतुल जैन

**कवर्धा, 8 अप्रैल।** रूप जीवन हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर अतुल जैन ने बताया की भीषण गर्मी के



समय लू से बचने के मद्देनजर खूब पानी पिए और अंगूर , खरबूजा , ककड़ी खाए । तेज धूप में घर से निकलना जरूरी हो तो चेहरा कपड़ा से ढक्कर निकले । दोपहर के समय बच्चों , बुजुर्गों को घर में रहना चाहिए । बहुत जरूरी हो तभी घर से दोपहर में निकले लेकिन चेहरे को कपड़े से ढककर निकले ।

# आंगनवाड़ी केंद्र खैरबना कला में नेवता भोज का आयोजन कर बच्चों को कराया पौष्टिक भोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,8 अप्रैल।** महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में एकीकृत बाल विकास परियोजना बोडला अंतर्गत लालपुर सेक्टर के ग्राम खैरबना कला में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में विशेष नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी सेवाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों में पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित करना रहा।उक्त आयोजन में ग्राम खैरबना कला के चारों आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को एकत्रित कर सामूहिक रूप से पौष्टिक भोजन कराया गया। कार्यक्रम में सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, पर्यवेक्षक, पंचायत सचिव सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद तिवारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा बच्चों के साथ संवाद कर पूरक पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्री-स्कूल गतिविधियों की जानकारी ली गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना के अंतर्गत जीरो से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, परामर्श तथा पूर्व-प्राथमिक शिक्षा की सेवाएं प्रदान की जाती हैं। शासन का मुख्य उद्देश्य कुपोषण में कमी लाना, बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करना है। नेवता भोज कार्यक्रम इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। भोजन वितरण के दौरान स्वच्छता मानकों का पालन किया गया तथा बच्चों को हाथ धोने, साफ-सफाई और अनुशासन का महत्व भी समझाया गया। कार्यक्रम स्थल पर उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और बच्चों में विशेष प्रसन्नता देखी गई।इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समुदाय से अपील की गई कि वे आंगनवाड़ी केंद्रों से जुड़कर बच्चों एवं माताओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का लाभ उठाएं। विभागीय अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका से ही योजनाओं का प्रभावी संचालन संभव हो पाता है।कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज के जागरूक नागरिकों की भी सहभागिता रही। समाज के सक्रिय नागरिक एवं पत्रकार भुवन पटेल द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर इस सामाजिक पहल में सहयोग प्रदान किया गया। इस प्रकार व्यक्तिगत अवसर को सामाजिक दायित्व से जोड़ते हुए बच्चों के पोषण और कल्याण को प्राथमिकता दी गई, जो सामुदायिक सहभागिता का सकारात्मक उदाहरण है।कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से आग्रह किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निरंतर निगरानी एवं मार्गदर्शन के माध्यम से जिले में कुपोषण उन्मूलन एवं बाल विकास की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।उक्त आयोजन से आंगनवाड़ी सेवाओं के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ी है तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुआ है।

# मकानों की नंबरिंग से जनगणना की तैयारी तेज, हर घर से पूछे जाएंगे 33 सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 8 अप्रैल।** जनगणना 2026-27 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पहले चरण में 16 अप्रैल से मकानों की गिनती शुरू होगी, जिसमें हर घर की विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी। इसके साथ ही इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल मोड में की जा रही है, जिससे डेटा सीधे ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज होगा। नगर में पहले से ही मकानों की नंबरिंग का कार्य शुरू हो चुका है। कर्मचारियों की टीमें घर-घर जाकर मकानों पर नंबर अंकित कर रही हैं। इसी आधार पर आगामी सर्वे किया जाएगा। जनगणना के दौरान प्रत्येक परिवार से लगभग 33 सवाल पूछे जाएंगे, जिनमें मकान की स्थिति, दीवार-छत की सामग्री, घर में उपलब्ध सुविधाएं, बिजली-पानी, इंटरनेट, वाहन, परिवार के सदस्यों की संख्या और सामाजिक-आर्थिक स्थिति से जुड़े सवाल शामिल रहेंगे। प्रशासन के अनुसार, 16 से 30 अप्रैल तक आम नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन फॉर्म भरने (स्व-गणना) का भी मौका दिया गया है। इसके लिए आधिकारिक पोर्टल पर जाकर 5 आसान स्टेप में रजिस्ट्रेशन कर जानकारी दर्ज की जा सकेगी। फॉर्म भरने के बाद एक यूनिक आईडी मिलेगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी होगा।

जो व्यक्ति जहां रहता है उसकी जानकारी देनी होगी- जनगणना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो व्यक्ति जहां रहता है, उसे उसी स्थान की जानकारी देनी होगी। यदि किसी व्यक्ति के एक से अधिक मकान हैं, तो वह जहां निवास करता है, उसी मकान की जानकारी दर्ज करेगा। किरायेदार, छात्र या अन्य निवासी भी अपने वर्तमान निवास स्थान की जानकारी देंगे।

इस बार घर में उपलब्ध बड़े सामान और संसाधनों का भी ब्यौरा लिया जाएगा। साथ ही यह भी पूछा जाएगा कि परिवार का मुखिया कौन है और घर में कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी, गंभीरता से काम करनें के निर्देश- डोंगरगढ़ क्षेत्र में जनगणना कार्य के लिए शिक्षकों, राजस्व विभाग और नगरीय निकायों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। प्रत्येक वार्ड के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई परिवार ऑनलाइन फॉर्म नहीं भरता है और सर्वे टीम के पहुंचने पर घर बंद मिलता है, तो डोर लॉक एंट्री की जाएगी, जिससे बाद में जानकारी सुधारने में दिक्कत आ सकती है। इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय पर सही जानकारी उपलब्ध कराएं। जनगणना को लेकर प्रशासन सख्त है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या गलत जानकारी को गंभीरता से लिया जाएगा। यह डेटा भविष्य की योजनाओं जैसे पानी, सड़क, बिजली और अन्य सुविधाओं के विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को 'माता कौशल्या के राम' कलाकृति की भेंट



**रायपुर, 8 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय परंपरा और सांस्कृतिक पहचान को दर्शाती बेल मेटल से निर्मित 'माता कौशल्या के राम' की अद्वितीय कलाकृति भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ वह पावन धरा है, जहाँ भगवान श्रीराम का ननिहाल स्थित है और यह भूमि प्रभु श्रीराम से गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भेंट की गई यह कलाकृति प्रदेश की आस्था, परंपरा और सृजनशीलता का सजीव प्रतिरूप है, जो जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उत्कृष्ट शिल्पकौशल को दर्शाती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित 'श्री रामलला दर्शन योजना' के माध्यम से प्रदेश के हजारों श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन कर रहे हैं, जिससे आस्था और श्रद्धा को जन-जन तक जोड़ने का कार्य निरंतर हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार सेवा, संस्कार और सुशासन के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करता रहेगा।

### वीर शहीद राजीव पाण्डेय की जयन्ती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम 11 को

**रायपुर8 अप्रैल।** विश्व की दुर्गम सैन्य चोटी सियाचिन ग्लैसियर पर राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराने वाले रायपुर निवासी वीर शहीद राजीव पाण्डेय की जयन्ती दिनांक 11 अप्रैल 2026 शनिवार को प्रातः 11 बजे रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में राजधानी शहर रायपुर के संजय नगर टिकरापारा में स्थित रायपुर निवासी वीर शहीद राजीव पाण्डेय के मूर्ति स्थल के समक्ष उन्हें सादर ससम्मान नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। पुष्पांजलि कार्यक्रम में रायपुर निवासी वीर शहीद राजीव पाण्डेय से सम्बंधित उनके मूर्ति स्थल में नियत दिवस को मूर्ति स्थल के प्रांगण का संधारण और मूर्ति स्थल प्रांगण सहित उसके आसपास के क्षेत्र की विशेष सफाई, मूर्ति स्थल की पुष्पसज्जा सहित आवश्यकतानुसार पेयजल की व्यवस्था रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में रायपुर नगर पालिक निगम के सम्बंधित जोन क्रमांक 6 के सहयोग से की जायेगी।

### नगर निगम रायपुर में सामान्य सभा की स्थगित बैठक 10 अप्रैल को

**रायपुर 8 अप्रैल।** रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर की सामान्य सभा की स्थगित बैठक नगर पालिक निगम सचिवालय द्वारा दिनांक 10 अप्रैल 2026 शुक्रवार को प्रातः 11 बजे नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित नगर निगम सामान्य सभा सभागार में आहुत की गयी है।

### मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप से युवाओं को मिलेगा प्रशासनिक क्षेत्र में करियर का अवसर

**रायपुर, 8 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के युवाओं को सुशासन और पब्लिक पॉलिसी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप के तहत संचालित दो वर्षीय स्क्क इन पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस क्रम में भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के प्रतिनिधि श्री बिनॉय टी एवं श्री एस.एन. मंडल द्वारा जशपुर सहित प्रदेश के उत्तरी जिलों का दौरा कर विद्यार्थियों को इस कोर्स की जानकारी दी जा रही है। टीम द्वारा विभिन्न इंजीनियरिंग एवं स्नातक महाविद्यालयों में पहुंचकर कार्यक्रम की विशेषताओं, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। साथ ही पंपलेट वितरण के माध्यम से भी अधिक से अधिक युवाओं तक जानकारी पहुंचाई जा रही है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन एवं ढ्ढढ्ढरूरायपुर के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों की पूरी फीस राज्य शासन द्वारा वहन की जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्रति माह 50 हजार रूपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम की विशेषता यह है कि अभ्यर्थियों को ढ्ढढ्ढरू रायपुर में उच्च स्तरीय कक्षा शिक्षण के साथ-साथ राज्य शासन के विभिन्न विभागों के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण (फील्ड एक्सपोजर) का अवसर भी मिलेगा, जिससे उन्हें नीति निर्माण और प्रशासनिक कार्यों का वास्तविक अनुभव प्राप्त होगा। यह फेलोशिप विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिए उपलब्ध है तथा इसमें राज्य शासन की आरक्षण नीति लागू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी एवं आवेदन के लिए ढ्ढढ्ढरू रायपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ढ्ढढ्ढरू रायपुर की टीम द्वारा जशपुर जिले के सभी विकासखंडों के महाविद्यालयों का भ्रमण कर विद्यार्थियों को इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को सुशासन के क्षेत्र में करियर बनाने का सुनहरा अवसर मिल सके।

# सरकार बस्तर सहित पूरे प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध: केदार कश्यप

■ वन मंत्री ने जिले को दी 17.59 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

■ नालंदा परिसर से युवाओं को मिलेगा आधुनिक अध्ययन का सशक्त मंच




**रायपुर, 8 अप्रैल।** वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर सहित पूरे प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने नारायणपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान नारायणपुर को 17 करोड़ 59 लाख 57 हजार रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिले के विकास को नई गति प्रदान की।

वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि नालंदा परिसर के निर्माण से जिले के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा और अबूझमाड़ सहित नारायणपुर के बच्चे भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर इंजीनियर, डॉक्टर एवं शासकीय सेवाओं में स्थान प्राप्त कर सकेंगे। नारायणपुर कलेक्टर नम्रता जैन ने बताया कि इस अवसर पर नेशनल हाईवे 130डी के मजबूतीकरण कार्य, नालंदा परिसर (सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन) सहित डीएमएफऔर नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत कुल 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि के 03 हितग्राहियों को 20-20 हजार रुपए का चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 25 हितग्राहियों को अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने गढ़बेंगाल चौक से बखरूपारा मार्ग के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग 130 डी के मजबूतीकरण कार्य को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह टीमवर्क के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प साकार हुआ है, जिससे अब नारायणपुर और अबूझमाड़ के विकास का मार्ग और अधिक सुगम हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं सहित सभी वर्गों के विकास एवं समृद्धि के लिए सतत प्रयासरत है। कार्यक्रम में राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष श्री रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नारायण मरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री इंद्रप्रसाद बघेल, उपाध्यक्ष श्रीजयप्रकाश शर्मा, संध्या पवार, गौतम एस. गोलछा, बृजमोहन देवांगन सहित पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुड़िया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत , वन मंडल अधिकारी, अपर कलेक्टर, एसडीएम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामचंद्र यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## एफआईआर के बाद भी कार्रवाई नहीं पीड़ित ने मांगी मौन सत्याग्रह की अनुमति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 8 अप्रैल।**थाना डोंगरगढ़ में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर हुई कथित ठगी के मामले में पुलिस की कार्रवाई से निराश एक पीड़ित ने अब मौन सत्याग्रह की अनुमति मांगी है। इस घटनाक्रम से शहर में खास चर्चा का विषय बना है और लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने लगे हैं। बताया जाता है कि मामला थाना डोंगरगढ़ में दर्ज एफ्आईआर क्रमांक 0528, दिनांक 16 अक्टूबर 2025 से जुड़ा है। पीड़ित के अनुसार, मंगलवार को वह मौन सत्याग्रह की अनुमति के लिए आवेदन देने थाना पहुंचा, परन्तु पुलिस ने आवेदन स्वीकार नहीं किया और उसे बैरंग वापस लौटा दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि उसके छोटे भाई आशुतोष उपाध्याय (पिता विष्णु उपाध्याय), निवासी टिकरापारा डोंगरगढ़, को करीब 5 माह पहले शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर ठगी का शिकार बनाया गया। इस संबंध में 16 अक्टूबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, परन्तु 6 माह बीतने के बाद भी मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने बताया कि 30 नवंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव को भी आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई थी। इसके बाद 19 दिसंबर 2025 को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में भी शिकायत प्रस्तुत की गई, लेकिन मामले में अब तक कोई प्रगति नहीं हुई।

लगातार कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित और उसका परिवार मानसिक रूप से परेशान है। इसी के चलते प्रार्थी ने 13 अप्रैल 2026 से मौन सत्याग्रह करने की अनुमति प्रशासन से मांगी है। वहीं बताया जाता है कि डोंगरगढ़ में इन दिनों साइबर ठगी के मामले थाने में और भी कई शिकायत की गई है परन्तु पुलिस बढ़ते साईबर अपराध पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। अब देखना होगा कि इस गंभीर मामले में शासन प्रशासन क्या ठोस कदम उठाता है।

## श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से कलयुग में मुक्ति का मार्ग मिलता है:हरिशरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 अप्रैल।** नगर निगम वार्ड 44 मोहड़ में भक्ति संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 31 मार्च से 8 अप्रेल तक चल कथा व्यास पं हरिशरण वैष्णव जी ने 7अप्रेल को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष कथा सुनाया ऋषि दुर्वासा ने कृष्ण के गुरु सांदिपनि श्रृषि के पत्नी गुरू माता को भिक्षा में खाने के लिए मांगा गुरु माता ने कुछ नहीं है करके कुछ नहीं दिया दुर्वासा ऋषि ने अंतर ध्यान कर देखा कि चना का पोटली है दुर्वासा ऋषि ने श्राप दे दिया कि इस चना को जो कोई भी खाएगा दरिद्रता गरीबी उनको झेलना पड़ेगा श्रापित दे दिया इस बात को सुदामा ने सुना था गुरु माता लकड़ी लाने के लिए कृष्ण भगवान और सुदामा को भेजा इस समय चना का पोटली सुदामा को दिया और भूख लगने पर खाने की आज्ञा दी सुदामा इस बात का चिंतित हो गया कि श्री कृष्ण द्वारकाधीश का राजा है यदि चना उनको दे दूं तो गरीबी झेलना पड़ेगा इस कारण उनके हिस्से के चना को भी सुदामा ने खा लिया इस प्रकार भगवान को गरीबी से झेलना ना पड़े दरिद्रता से सुदामा सोच कर चने खा लिया सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारकाधीश जब तो कृष्ण भगवान ने उसके चावल के पोटली खाकर उसकी दरिद्रता को सुदामा का दूर किया सुदामा भक्ति को युगों-युगों याद करेगा परीक्षित मोक्ष की कथा भी सुनाया गया भागवत



आचार्य से आशीर्वाद लिया जिला किसान कांग्रेस प्रभारी महामंत्री योगेंद्र दास वैष्णव पूर्व पार्षद श्रीमती मीनाक्षी चंद्राकर किसान नेता मदन लाल साहू स्वतंत्रता साहू शिक्षक विनोद चंद्राकर शिक्षिका कमला चंद्राकर उर्वशी चंद्राकर सहित महिला समूह एवं ग्राम वासी बड़ी जनसंख्या में उपस्थित रहा

## गत वित्तीय वर्ष 25-26 के संपत्ति कर भुगतान में 30 अप्रैल तक छूट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 अप्रैल।** आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये छत्तीसगढ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस माह की विशेष छुट के तहत 30 अप्रैल 2026 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर अधिभार नहीं लगने छुट प्रदान की गई है। छुट का लाभ देने नगर निगम का राजस्व अमला बकायादारो से सम्पर्क कर बकाया सम्पत्तिकर जमा करने समझाईस दे रहे है, ताकि अधिभार से बचा जा सके। साथ ही बड़े बकायादारो को भी बकाया राशि जमा कर निगम की कार्यवाही से बचने समझाईस दी जा रही है।

नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने राजस्व अमला से कहा है कि शासन की छुट के संबंध में बकायादारो को जानकारी देकर वसूली करे, तथा बड़े बकायादारो को समझाईस देवे कि बकाया करो का भुगतान कर निगम की कार्यवाही एवं आर्थिक भार से बचे। उन्होंने राजस्व अमला से कहा कि घर घर जाकर सम्पत्तिकर की वसूली करे तथा नागरिको को ऑनलाईन भुगतान करने प्रोत्साहित करे। उन्होंने कहा कि बड़े बकायादारो को सम्पत्तिकर का भुगतान करने समझाईस देवे भुगतान नही करने की स्थिति में उनके घर का नल काटने की कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि बड़े बकायादारो का नाम पूर्व में सामाचार पत्र मे प्रकाशित किया गया था, किन्तु बकायादारो के द्वारा राशि जमा नही की गयी है, उन्हें समझाईस देवे अपालन की स्थिति में नल कनेक्शन विच्छेदन एवं कुर्की की जानकारी देवे तथा उनके नाम सार्वजनिक स्थल में फ्लैक्स के माध्यम से प्रकाशित करे।

## दो दिवसीय महाभियान प्रशिक्षण का शानदार समापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 8 अप्रैल।** भाजपा शहर मंडल के नेतृत्व में दो दिवसीय आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शानदार समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे प्रमुख रूप राजनांदगांव के प्रमुख वक्ता कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, सचिन बघेल, मधुसूदन यादव , रामजी भारती, विनोद खांडेकर,दिनेश गांधी, मनीष गोलछा,शशिकांत द्विवेदी,रविन्द्र वैष्णव,सुरेंदर सिंग बंनोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल,सुनील जैन, प्रकाश चौरड़िया,प्रदीप बाघ,महेंद्र भाई पटेल, हरविंदर एस मंगे, कुलवंत कक्कड़,अमित जैन,वीरेंद्र सोनी,संतोष चोपड़ा, तुलसी मिश्रा,तरुण हथेल, विजेंद्र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बंनोआना, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, ,महामंत्री विनय बंसल,विनीत यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगड, सुषमा कोठारी युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष वत्सला श्रीवास्तव, अचला ठाकुर, पप्पू नामदेव,लक्ष्मी यादव, आकाश राजपूत , अलका जयेश सहारे , अनिता इंदुलकर, कैलाश सोनवानी, मुकुंद कंडरा, सरफराज खान, नागेंद्र परिहार, चितरंजन साहू, रामकुमार डड़सेना,अनिल लांजेवार, सहित सभी पार्षद गण एवं समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## निगम ने पान ठेला और गुमटी को हटाकर जब्त किया

**रायपुर 8 अप्रैल।** आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक के नेतृत्व और मार्गनिर्देशन और कार्यपालन अभियंता श्री लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता श्री नागेश रामटेके, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संदीप वर्मा, उपअभियंता सुश्री प्राची चौबे, श्री टिकेन्द्र चंद्राकर,



स्वच्छता निरीक्षक श्री दिलीप साहू की उपस्थिति में नगर निगम जोन 5 नगर निवेश विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम जोन 5 क्षेत्र अंतर्गत पण्डित सुन्दरलाल शर्मा वार्ड क्रमांक 41 क्षेत्र अंतर्गत पण्डित सुन्दरलाल शर्मा स्कूल सुन्दर नगर के पास लगे पान ठेला और गुमटी को नाले के ऊपर से उठाकर जप्त कर लिया गया और नाला की सफाई अभियानपूर्वक करवाकर लगभग 2 ट्रक मलबा नाले से बाहर निकालकर और उसे तत्काल परिवहन करवाते हुए जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा कायम करने बाबत प्रभावी कार्रवाई की गयी।

घने जंगल, पहाड़ और समृद्ध संस्कृति और छत्तीसगढ़ को वैश्विक पहचान दिलाने पर केंद्रित रही मुलाकात

# सिरपुर, छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक संपदा और निवेश संभावनाओं पर ऑस्ट्रेलियाई महावाणिज्यदूत के साथ सांसद बृजमोहन की अहम चर्चा

**रायपुर 8 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंचे ऑस्ट्रेलियाई महावाणिज्यदूत (ष्टश्ठ्ठह्यह्वद्य त्रद्गठ्ठद्गह्म्ड्डद्य), श्री बर्नार्ड लिंच ने रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच राज्य के समग्र विकास, निवेश संभावनाओं और सांस्कृतिक विरासत पर व्यापक एवं सार्थक चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं, प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग तथा राज्य को एक उभरते औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने के विषय पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सांसद श्री अग्रवाल ने सरकार द्वारा संचालित विकास और जनहित की योजनाओं की जानकारी दी।



इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध हेरिटेज, कला, संस्कृति और पर्यटन की अपार संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। श्री अग्रवाल ने विशेष रूप से विश्व धरोहर 'सिरपुर' का उल्लेख करते हुए बताया कि यह स्थल जैन धर्म की तपस्या, बौद्ध धर्म की शांति और सनातन संस्कृति के अटूट संगम का जीवंत प्रमाण है। यह ऐतिहासिक धरोहर न केवल भारत, बल्कि विश्व के पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार क्षमता रखती है।

श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ की अद्भुत प्राकृतिक संपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राज्य घने जंगलों, मनोरम पहाड़ियों, नदियों, शांत झीलों और जैव विविधता से परिपूर्ण प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय उदाहरण है। यहां का हर क्षेत्र प्रकृति की अनुपम छटा को समेटे हुए है, जो न केवल पर्यटकों को आकर्षित करता है, बल्कि इको-टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था और युवाओं के रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम भी बन सकता है।

मुलाकात के दौरान श्री बर्नार्ड लिंच ने भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी गहरी रुचि व्यक्त करते हुए गौ माता को देखने की इच्छा जताई। इस पर श्री अग्रवाल द्वारा उन्हें अपनी गौशाला का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने भारतीय एवं सनातन परंपरा में गौ माता के महत्व को समझा और उसकी सराहना की।

श्री अग्रवाल ने कहा कि श्री बर्नार्ड लिंच जैसे अनुभवी राजनयिक की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब भारतङ्कऑस्ट्रेलिया संबंध तेजी से मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके प्रयासों से पूर्वी भारत, विशेषकर छत्तीसगढ़ में आर्थिक, शैक्षणिक एवं औद्योगिक सहयोग को नई दिशा और गति मिलेगी।

# स्थापना दिवस आत्मावलोकन करने का दिन

किसी दिन राजनीतिक दल की स्थापना होती है। इसी दिन से राजनीतिक दल का सफर शुरू होता है। सभी राजनीतिक दलों का लक्ष्य सत्ता प्राप्त करना होता है। सभी मानते हैं कि जनता व देश की सेवा सत्ता के जरिए अच्छे से की जा सकती है। सत्ता हो तो जनता और देश को एहसास दिलाना आसान होता है कि देखों आपके लिए हम क्या कुछ कर रहे हैं।स्थापना दिवस पर भाजपा तरह तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। खुशी मनाई जाती है,पार्टी ने एक साल में और क्या क्या कार्य किए हैं। जनता को बताया जाता है भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो कहती है,वह करती है। छत्तीसगढ़ में भाजपा अपना ४७ वां स्थापना दिवस ६ अप्रैल को मनाया। भाजपा हर साल स्थापना दिवस पर सेवा सप्ताह मनाती है। इस दौरान जनता की सेवा का काम किया जाता है और सगंठन को मजबूत करने का प्रयास किया जाता है।मजबूत संगठन ही गांव गांव तक जाकर सेवा कर सकता है और जनता के बीच अपनी सेवक की छबि बना सकता है। यह अच्छी बात है कि इससे नेता हो या कार्यकर्ता उसे एहसास दिलाया जाता है कि वह पार्टी का सदस्य होने के नाते जनता का सेवक है। जब शीर्ष नेता पीएम पद पर रहकर खुद को जनता का प्रधान सेवक कहता है तो राज्य व गांव के भाजपा कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस पर यह बात याद रखनी चाहिए कि पार्टी के सत्ता मिली है जनता की सेवा के लिए।जिस दिन वह खुद को जनता का सेवक मानने की जगह जनता पर शासन करने वाले मानने लगेगा उसी दिन से पार्टी का पतन होना शुरू हो जाता है. भाजपा में नेताओं व कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया जाता है उनको प्रशिक्षण दिया जाता है कि सत्ता मिली है तो उनका व्यवहार जनता के बीच कैसा रहना चाहिए। जनता के बीच उनको विनम्र रहना चाहिए यह जताने या दिखाने का प्रयास नहीं करना चाहिए कि मेरी पार्टी सत्ता में है तो मैं मनमानी कर सकता हूं. मैं कानून से ऊपर हो गया हैं। ऐसा कई बार भाजपा के नेता व कार्यकर्ता भी करते हैं, इसलिए स्थापना दिवस पर उनको शपथ दिलानी चाहिए कि पार्टी के सत्ता होने का अहंकार पार्टी के लिए ठीक नहीं होता है, जनता के बीच संदेश जाता है कि सत्ता मिलने ने नेताओं व कार्यकर्ताओं को अहंकार हो गया है। वह खुद को खास समझने लगे हैं ऐसे में जनता चुनाव में पार्टी को हराकर बता देती है कि उसके लिए कोई खास नहीं है,सब सेवक हैं,जो सेवक बना रहेगा उसे ही जनता चुनेगी। भाजपा स्थापना दिवस पर भाजपा को सीखने के लिए किसी दूसरे नेता का जरूरत नहीं है। उसके दो नेता पीएम मोदी व गृहमंत्री अमित शाह ऐसे नेता हैं जो किसी भी राजनीतिक दल के पास नहीं है।पार्टी व देश के लिए कैसे काम किया जाता है,दोनों नेताओं ने अपने दस साल में भाजपा नेताओं को भी सिखाया है और दूसरे नेताओं को बताया है। पीएम मोदी व शाह ने जो काम हाथ में लिया, उसे पूरा करके दिखाया है।हर भाजपा नेता को मोदी व शाह से सीखना चाहिए कि कोई काम करना है तो कैसे करना है।पार्टी को मजबूत करना है तो कैसे करना है चुनाव जिताना है तो कैसे जिताना है। तीन बार पीएम बनना है तो कैसे बनना है।देश का विश्व में सम्मान बढ़ाना है तो कैसे बढ़ाना है। भाजपा को स्थापना दिवस पर यह बात याद रखनी चाहिए कि कोई भी पद मिलता है तो वह धन संपत्ति के मोह से मुक्त रहे। पीएम मोदी धन के मोह से मुक्त है, इसलिए वह देश व पार्टी के लिए पूरी ईमानदारी से काम करते हैं, जनता में इसीलिये लोकप्रिय है कि वह सेवक की तरह जनता का काम करते हैं, और सभी नेताओं से ज्यादा ईमानदार है। बड़े नेता को सबसे ज्यादा ईमानदार होना चाहिए। पीएम मोदी ऐसे नेता हैं जिनके समय में पार्टी अमीर हुई है लेकिन पीएम मोदी को यह पसंद नहीं है कि पार्टी के नेता अमीर हो। इसी वजह से भाजपा कांग्रेस से अलग है, कांग्रेस में पार्टी गरीब है और उसके नेता अमीर हैं।

## राजनीति

# बंगाल की अस्मिता को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाना चाहती हैं ममता


**अजय कुमार**



पश्चिम बंगाल की चुनावी जमीन पर तनाव भरा माहौल छाया हुआ है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली ममता बनर्जी अपनी कुर्सी बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी सत्ता हासिल करने के सपने बुन रही है। इस बार की लड़ाई 2021 वाली जंग से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। पहले के चुनावों में हिंसा का तांडव देखने को मिला था, जहां दंगाइयों को खुला संरक्षण मिला। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। कानून की सख्ती ने उपद्रवियों की हिम्मत तोड़ दी है। अर्धसैनिक बलों के जवान हर कोने में मुस्तैद हैं, जो किसी भी तरह की गुंडागर्दी को कुचलने को तैयार हैं। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इन बदलावों से ममता बनर्जी का गुस्सा भड़क उठा है। वे खुद को पीड़ित साबित करने की कोशिश कर रही हैं, जो उनकी पुरानी चाल है।

चुनावी जंग की शुरुआत होते ही पश्चिम बंगाल की सड़कों पर उत्तेजना का माहौल बन गया। 2021 में जो दृश्य देखे गए थे, वे भयानक थे। तब तृणमूल के कार्यकर्ताओं ने हिंसा का सहारा लिया। रामनवमी के जुलूस पर हमले हुए, घरों को आग लगाई गई, और निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया। पुलिस ने आंखें मूंद लीं। लेकिन इस बार सब कुछ अलग है। केंद्र सरकार ने अर्धसैनिक बलों को भारी संख्या में तैनात किया। ये जवान सीधी कार्रवाई करने से नहीं हिचकते। कोलकाता के एक इलाके में जब गुंडों ने मतदान केंद्र के पास उपद्रव मचाने की कोशिश की, तो जवानों ने तुरंत लाठियां भांजीं। पांच उपद्रवी घायल हो गए और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इससे आसपास का इलाका शांत हो गया। एक अन्य घटना में दक्षिण 24 परगना जिले के एक गांव में तृणमूल समर्थकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं को घेर लिया। लेकिन अर्धसैनिक बल ने फटाक से हस्तक्षेप किया। हवा में गोली चलाई गई और गुंडे भाग खड़े हुए। इन उदाहरणों से साफ है कि कानून अब किसी की सुनता नहीं।

ममता बनर्जी को ये सख्ती रास नहीं आ रही। वे हर मौके पर चिल्ला रही हैं कि केंद्र चुनाव में दखल दे रहा है। एक रैली में उन्होंने रोते हुए कहा कि उनके राज्य पर हमला हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि अर्धसैनिक बल निष्पक्ष तरीके से काम कर रहे हैं। वे तृणमूल के गुंडों पर भी उतनी ही सख्ती दिखा रहे हैं जितनी किसी और पर। उदाहरण के तौर पर हावड़ा में एक तृणमूल नेता ने पुलिस अधिकारी को धमकाया। अधिकारी ने शिकायत की, तो अर्धसैनिक बल ने उस नेता को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। ममता ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। वे कहती हैं कि उनके कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है।





लेकिन आंकड़े कुछ और कहते हैं। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में दर्ज है कि इस बार हिंसा की घटनाएं 2021 के मुकाबले 70 प्रतिशत कम हुई हैं। मतदान केंद्रों पर कोई बड़ा उपद्रव नहीं हुआ। यह सब अर्धसैनिक बल की मौजूदगी का नतीजा है।

चुनाव आयोग भी पीछे नहीं हट रहा। आयोग ने हर जिले में विशेष टीम गठित की हैं। ये टीमें रात-दिन गश्त कर रही हैं। एक बार उत्तर दिनाजपुर में एक जज को तृणमूल कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। जज निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी कर रहे थे। कार्यकर्ता चिल्ला रहे थे कि जज पक्षपाती हैं। लेकिन अर्धसैनिक बल ने तुरंत पहुंचकर जज को सुरक्षित निकाला और आठ लोगों को पकड़ लिया। जज ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि अगर ये जवान न होते, तो हालात बिगड़ जाते। इसी तरह मालदा में एक पुलिस अधिकारी को धमकी मिली। अधिकारी मतपेटियों की गिनती करवा रहे थे। गुंडों ने उन्हें घेरा, लेकिन जवानों ने डंडों की बौछार कर दी। तीन गुंडे अस्पताल पहुंचे। ये उदाहरण बताते हैं कि अब कानून का राज है। जज और अधिकारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पहले वे डरते थे, अब वे बेधड़क काम कर पा रहे हैं।

ममता बनर्जी इस स्थिति से तिलमिला रही हैं। उनका पारा चढ़ा हुआ है। वे हर सभा में केंद्र को कोसती हैं। कहती हैं कि दिल्ली वाले उनके राज्य को बर्बाद कर देंगे। लेकिन उनकी यह चाल उल्टी पड़ रही है। जनता अब उनकी नाटकबाजी समझ रही है। विक्टिम कार्ड खेलने का उनका तरीका पुराना है। 2021 में भी उन्होंने यही किया था। तब हिंसा के बाद वे रो-रोकर टीवी पर आईं और खुद को मां बताते हुए वोट मांगे। कहा कि बेटे को बचाओ। इस बार भी वही फॉर्मूला अपना रही हैं। कोलकाता की एक सभा में वे घुटने मोड़कर बैठ गईं। आंसू बहाते हुए बोलीं कि उन्हें कुर्सी से हटाने की साजिश चल रही है। उनके समर्थक चिल्लाने लगे। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता हंस पड़े। सोशल मीडिया पर उनके वीडियो वायरल हो गए। लोग कह रहे हैं कि यह नौटंकी है। एक और उदाहरण लीजिए। जब अर्धसैनिक बल ने उनके एक विधायक को पकड़ा, तो ममता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। कहा कि विधायक निर्दोष हैं, उन पर झूठा केस बनाया गया। लेकिन जांच में पता चला कि विधायक ने ही हिंसा भड़काई थी। आयोग ने उसे अयोग्य घोषित कर दिया। ममता ने फिर विक्टिम बनने की कोशिश की। कहा कि न्याय व्यवस्था उनके खिलाफ है। इसके अलावा ममता भक्तों को भड़काने से नहीं चूक रही हैं। वे कहती हैं कि बंगाल की बेटी पर अत्याचार हो रहा है। लेकिन जनता जाग चुकी है। 2021 में वे सफल रहीं क्योंकि हिंसा का डर था। अब डर खत्म हो गया। अर्धसैनिक बल ने गुंडों की कमर तोड़ दी। एक सर्वे में सामने आया कि 60 प्रतिशत मतदाता शांतिपूर्ण चुनाव से खुश हैं। वे ममता की गुंडागर्दी से तंग आ चुके हैं। उदाहरण स्वरूप, आसनसोल में एक महिला मतदाता ने कहा कि पहले डर लगता था, अब बेझिझक वोट दे सकी। इसी तरह पुरुलिया के एक युवक ने बताया कि उसके भाई को 2021 में पीटा गया था। इस बार सब शांत रहा। ये बदलाव ममता के लिए खतरे की घंटी हैं। उनका विक्टिम कार्ड अब फेल हो रहा है। वे खुद को पीड़ित बताकर वोट बटोरना चाहती हैं, लेकिन लोग सच्चाई जान चुके हैं।

चुनावी माहौल में और भी रोचक घटनाएं घटीं। बांकुरा जिले में तृणमूल ने फर्जी वोटिंग की कोशिश की। लेकिन चुनाव आयोग की टीम ने पकड़ लिया। अर्धसैनिक बल ने मौके पर छापा मारा। 20 लोग गिरफ्तार हुए। ममता ने इसे साजिश कहा। लेकिन सबूतों ने उन्हें झूठा साबित कर दिया। हुगली में एक जज को धमकी भरा फोन आया। जज ने आयोग को सूचना दी। जवानों ने फोन करने वाले को ट्रेस कर पकड़ लिया। वह तृणमूल का स्थानीय नेता निकला। ममता ने चुप्पी साध ली। इन घटनाओं से साफ है कि सख्ती काम कर रही है। उपद्रव करने वालों को सबक मिल रहा है। जज और अधिकारी अब बिना डरे काम कर रहे हैं। ममता का विक्टिम कार्ड खेलने का तरीका बहुत साफ है। वे हर घटना को अपने खिलाफ साजिश बताती हैं। रोना-धोना शुरू कर देती हैं। समर्थकों को उकसाती हैं। कहती हैं कि बंगाल की अस्मिता खतरे में है। लेकिन इस बार यह चाल चल नहीं रही। जनता देख रही है कि अर्धसैनिक बल ने कैसे शांति लाई। 2021 के दंगों की यादें ताजा हैं। लोग हिंसा से त्रस्त थे। अब वे शांत चुनाव चाहते हैं। ममता का गुस्सा इसी से भड़कता है। वे जानती हैं कि सत्ता खिसक रही है। भाजपा का माहौल मजबूत हो गया है। कार्यकर्ता बिना डर के प्रचार कर रहे हैं। कुल मिलाकर पश्चिम बंगाल की यह चुनावी जंग लोकतंत्र की जीत बन रही है। अर्धसैनिक बल और चुनाव आयोग की सख्ती ने हिंसा को जड़ से उखाड़ फेंका। ममता बनर्जी का विक्टिम कार्ड फेल हो गया। उदाहरण गिनाने को तो बहुत हैं। हर जिले से ऐसी कहानियां आ रही हैं। जनता अब सच्चाई चुन रही है। यह बदलाव ऐतिहासिक है। बंगाल की धरती पर शांति का राज कायम हो रहा है।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा। खेल कूद से जुड़े लोगों को आज किसी बहुत बड़े टूर्नामेंट में भाग लेने का सुअवसर मिलेगा। आपको वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा हो सकती है। नई तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में वृद्धि हो सकती है साथ ही उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी। अपने पार्टनर के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बना सकते हैं।

वृष राशि : आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। नौकरीपेशा लोगों को अपने काम में सफलता हासिल होगी। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। ऑफ़िस में आपको सबका सहयोग मिलेगा। आज आप सोशल वर्क कर सकतें हैं। आपको किसी नए कॉन्टैक्ट से बहुत फायदा होगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज काम करने से पहले घर के बड़ों की सलाह लेना बेहतर होगा। पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्रता में कुछ कमी आ सकती है। अपने रुचि के अनुसार सब्जेक्ट का चुनाव करने और अपनी अध्ययन की योजना में बदलाव करने की सोचेंगे। बिजनेस मे प्रतिद्वंदीयों से सावधान रहें।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा आपका झुकाव किसी नए काम की ओर हो सकता है। करियर के मामले में कुछ बेहतर अवसर मिलने के आसार हैं। बिजनेस में किसी नए ग्रुप से जुडऩे के बारे में विचार कर सकते हैं। हालांकि डील करते समय आपको बहुत सोच-समझकर ही आगे बढऩा चाहिए। घर वालों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ा बहुत मनमुटाव हो सकता है।

सिंह राशि : आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सभी कलीग्स के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। वालों छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन खासतौर पर फायदेमंद रहेगा। आपका रिसर्च वर्क पूरा हो सकता है। माता-पिता के साथ बेहतर संबंध स्थापित होंगे। जॉब के मामले में बड़ा ऑफर मिलने से आपको धन लाभ हो सकता है। आप परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी महत्वपूर्ण काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनायेंगे। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। आपको कुछ नये बिजनेस प्रपोजल मिल सकते हैं । संगीत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अगर आप कुछ दिनों से अपने कमर दर्द की समस्या से परेशान हैं, तो आपको उससे छुटकारा मिलेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको कुछ कामों में सफलता मिल सकती है, लेकिन आज आपको अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की सख्त जरूरत है। ईष्ट मित्रों से मिलने आप उनके घर जा सकते हैं आपकी दोस्ती और भी अधिक मजबूत होगी।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिल सकता है। आज अपने परिवार के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में आपकी तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं। कुछ खास जगहों पर आपकी प्रशंसा होगी। आज आप छोटा उद्योग शुरु करने के बारे में विचार कर सकते हैं। व्यावसायिक प्रगति के लिए आज का दिन अनुकूल है।

धनु राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। समाज में आपका सम्मान और रुतबा बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। पड़ोस के कुछ खास लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। अचानक नए स्रोतों से होने वाला धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। अपने लक्ष्य को पूरा करने में आपको किसी की मदद मिल सकती है।

मकर राशि : आज आपका दिन आपके लिए पहले की अपेक्षा अधिक व्यस्त रहने वाला रहेगा। ऑफिस में बॉस आपको कुछ नया काम दे सकते है , जिसे पूरा करने में आप सफल भी होंगे। शाम को परिवार वालों के साथ मौज-मस्ती में समय बीतेगा । किसी बात को लेकर बड़े भाई से विचार-विमर्श करेंगे। नए संपर्कों से आपको फायदा होने की उम्मीद है।

कुंभ राशिः आज आपका दिन पहले की अपेक्षा व्यस्त रहने वाला। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ लोगों से पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपको अचानक धन-लाभ हो सकता है। काफी दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बेहतर रहेगा। किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपको अचानक से कुछ ऐसा हासिल हो सकता है, जिसकी आपको बहुत आवश्यकता थी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज अपनी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि करने के लिए आपको कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, जिससे आपका मन खुश हो जायेगा। जीवनसाथी के साथ बढ़िया तालमेल रहेगा। घर की सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी हो सकती है। जो लोग नौकरीपेशा हैं, उनको थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है। काम को लेकर सीनियर आपसे नाराज हो सकते हैं ।

## सू- दोकू क्र.002

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.001 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य -002

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 001 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# अमेरिका-ईरान सीजफायर: पाक की कूटनीतिक जीत, 'विश्वगुरु देखता रह गया

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**



दुनिया की राजनीति में कभी-कभी ऐसे मोड़ आते हैं जो किसी देश की पहचान और उसकी विदेश नीति की असली परीक्षा लेते हैं। पिछले कुछ महीनों में जो कुछ हुआ, वह भारत के लिए एक गहरी सोच का विषय है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जंग को रोकने में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने जो भूमिका निभाई, उसने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। ट्रंप ने खुद अपने बयान में साफ़ कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ़ और फील्ड मार्शल मुनीर के अनुरोध पर उन्होंने ईरान पर होने वाले हमले को रोका और दो हफ्ते का संघर्ष विराम स्वीकार किया। यह कोई छोटी बात नहीं थी यह उस वक़्त हुआ जब दुनिया एक बड़े युद्ध के मुहाने पर खड़ी थी। इससे पहले भी अक्टूबर में मिस्र के शर्म अल-शेख में आयोजित शांति सम्मेलन में ट्रंप ने मंच से शहबाज़ शरीफ़ को धन्यवाद दिया और आसिम मुनीर को मेरा पसंदीदा फील्ड मार्शल कहा। गाज़ा में युद्ध विराम नौ अक्टूबर को लागू हुआ और इस पूरी प्रक्रिया में पाकिस्तान की भूमिका को खुलकर सराहा गया। भारत उस वक़्त कहाँ था? यह सवाल अब सिर्फ़ विपक्षी नेता नहीं, बल्कि दुनिया के कूटनीतिक हलके भी पूछ रहे हैं।भारत की विदेश नीति की एक पुरानी और मज़बूत परंपरा रही है। द्विपक्षीय संबंध, किसी गुट में न जाना, और अपनी स्वायत्तता बनाए रखना। यही नीति नेहरू के ज़माने से चली आ रही है और मोदी सरकार भी इसी रास्ते पर चलती दिखती है। लेकिन आज की दुनिया में जहाँ कूटनीति की जगह संबंधों की गर्मजोशी और व्यक्तिगत रिश्ते तय करते हैं कि किसकी बात मानी जाएगी, वहाँ यह पुरानी नीति काफ़ी नहीं रह गई।मोदी और ट्रंप के बीच व्यक्तिगत रिश्ता हमेशा से चर्चा में रहा है। "हाउडी मोदी" और "नमस्ते ट्रंप" जैसे विशाल कार्यक्रम इसी गर्मजोशी की गवाही देते हैं। लेकिन जब ट्रंप ने बार-बार पचास से ज़्यादा मौकों पर कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान








के बीच युद्ध विराम करवाया, तो भारत ने इसे मानने से इनकार कर दिया और कहा कि यह विराम दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत से हुआ। पाकिस्तान ने उसी पल को भाँप लिया और उस खाली जगह को भरने के लिए आगे बढ़ गया।

विश्लेषकों का कहना है कि भारत के उदास इनकार ने एक ऐसी जगह बना दी जिसे मुनीर और शरीफ़ ने तुरंत भर दिया। यह क्या भारत की कूटनीति की एक बड़ी चूक थी। ट्रंप जैसे नेता को श्रेय देना एक छोटी कीमत होती, लेकिन उस श्रेय को न देने की कीमत बहुत बड़ी निकली। पाकिस्तान ने ट्रंप की हर उपलब्धि पर तालियां बजाईं, उन्हें शांति का दूत कहा, और काहिरा के शांति सम्मेलन में शरीफ़ ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित तक कर दिया। यह चाहे राजनीतिक चालाकी हो या असली सम्मान, इसने पाकिस्तान को वाशिंगटन की नज़रों में एक भरोसेमंद साझेदार बना दिया।अब सवाल उठता है कि भारत ने मध्य पूर्व में शांति के लिए सक्रिय भूमिका क्यों नहीं निभाई। इसके पीछे कई कारण हैं। पहला भारत की नीति रही है कि वह इजरायल और फिलिस्तीन दोनों से अपने संबंध बनाए रखे। भारत के इजरायल से गहरे रक्षा और तकनीकी संबंध हैं और वह उस पर सार्वजनिक दबाव डालने की स्थिति में नहीं है। दूसरा भारत अरब और मुस्लिम देशों के गुट का हिस्सा नहीं है, इसलिए गाज़ा पर उसकी आवाज़ का वह असर नहीं होता जो पाकिस्तान, तुर्किये या मिस्र की होती है। तीसरा भारत का पूरा ध्यान अपने क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान से संतुलन बनाने पर लगा है, वैश्विक शांति का मध्यस्थ बनने की राजनीतिक इच्छाशक्ति अभी तक नहीं दिखी।लेकिन इस सबके बावजूद एक कड़वी सच्चाई है। पाकिस्तान को इस पूरी कवायद का जो फायदा मिला, वह यह है कि अमेरिका और पाकिस्तान के संबंध अब नई ऊँचाइयों पर हैं व्यापार, खनिज, सुरक्षा सहयोग, और क्षेत्रीय रणनीति, सब कुछ एक साथ आगे बढ़ रहा है। ट्रंप ने पाकिस्तानी निवेश के द्वार भी खोले और मुनीर को एक ऐसे नेता की तरह पेश किया जिस पर अमेरिका भरोसा करता है। यह पाकिस्तान की उस छवि से बिल्कुल अलग है जो दशकों से आतंकवाद के समर्थक के रूप में बनी थी। भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। जो देश खुद को विश्वगुरु और एक उभरती हुई महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत करता है, वह जब वैश्विक संकट के समय चुप्पी साधे रहता है, तो दुनिया सवाल पूछती है। भारत संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग करता है, लेकिन जब बड़े युद्धों को रोकने की बात आती है, तो उसकी भूमिका नदारद रहती है।यह भी ध्यान देने योग्य है कि यह सब उस पृष्ठभूमि में हो रहा है जहाँ मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष और उसके बाद के युद्ध विराम को लेकर भारत के भीतर ही विपक्ष ने यह आरोप लगाया कि यह ट्रंप के दबाव में स्वीकार किया गया। यानी एक तरफ़ भारत कह रहा है कि वह किसी बाहरी दबाव में नहीं झुका, और दूसरी तरफ़ पाकिस्तान उसी दबाव को अपनी कूटनीतिक उपलब्धि बताकर दुनिया के सामने परोस रहा है। इस कथा-युद्ध में पाकिस्तान आगे निकल गया। असली सवाल यह है कि भारत आगे क्या करेगा। क्या वह अपनी पुरानी नीति पर कायम रहेगा, या वह भी अब सक्रिय कूटनीति की राह पकड़ेगा? दुनिया तेजी से बदल रही है। जो देश अपनी ताकत का इस्तेमाल केवल अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए करते हैं, वे महाशक्ति नहीं बनते। महाशक्ति वह बनता है जो दूसरों के संकट में भी अपनी आवाज़ उठाने की हिम्मत रखता हो और जिसकी बात सुनी जाती हो। पाकिस्तान ने, अपनी तमाम आंतरिक कमजोरियों के बावजूद, यह साबित किया है कि सही वक़्त पर सही रिश्ते और सही साहस दिखाने से छोटे देश भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। भारत को इससे सीखना होगा, वरना विश्व गुरु की पदवी केवल भाषणों तक सिमटी रह जाएगी।

### एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो कलेक्टोरेट घेराव की चेतावनी, दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग

# डीपीओ वरुण नागेश पर अश्लील व्यवहार का आरोप, महिला कांग्रेस की जांच टीम पहुंची कार्यालय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 8 अप्रैल।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश पर उन्हीं के विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारियों द्वारा अश्लील व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले को लेकर महिला कांग्रेस द्वारा तुलिका के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की गई, जिसमें महिला शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, राधा नाग शामिल थी। जांच टीम द्वारा आज सखी सेंटर एवं महिला बाल विकास कार्यालय पहुंच अधिकारी-कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए। जांच टीम ने पीड़िताओं से भी मुलाकात की। जानकारी देते हुए जांच टीम से जुड़ी तुलिका कर्मा ने बताया कि जांच में पीड़ित महिलाओं ने अपने साथ हुए अनुचित व्यवहार, मानसिक उत्पीड़न और कार्यस्थल पर असुरक्षित माहौल को लेकर गंभीर शिकायतें दर्ज कराईं। टीम ने सभी बयानों को दस्तावेजित करते हुए निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है।



तुलिका कर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। चाहे व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, यदि वह दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।उन्होंने आगे कहा कि यह मामला केवल एक विभाग या कुछ कर्मचारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से जुड़ा व्यापक मुद्दा है। महिला कांग्रेस इस लड़ाई को अंत तक लड़ेगी और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।जांच टीम के सदस्यों ने संकेत दिया कि प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जिनमें कार्यस्थल पर अनुचित आचरण, आपत्तिजनक टिप्पणियां और दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। इन सभी तथ्यों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। महिला शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि जांच टीम के महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत सभी महिलाओं से बात की गई और पाया कि विभाग के अधिकारी डीपीओ वरुण नागेश द्वारा सभी महिलाओं से गलत व्यवहार किया जाता है। विभाग में कार्यरत सभी महिलाएं डरी हुई है और खुलकर अपनी बातें नहीं रख पा रही है। जिन दो महिलाओं के साथ घटना हुई है वो अभी भी दहशत में हैं सिर्फ रो रही हैं। डीपीओ वरुण नागेश पर कलेक्टर द्वारा भी जांच बैठाई गई है पर वह छुट्टी पर है। जिस व्यक्ति पर विभागीय जांच हो रही है और वह छुट्टी पर है यही बात कई संदेहों को जन्म देता है। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग जो महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए ही बनाया गया है वहीं महिलाएं सुरक्षित नहीं तो फिर इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। सुमित्रा सोरी ने कहा कि भाजपा कहती है कि महिलाओं की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है पर घटना को बीते हुए इतने दिन हो चुके हैं पर अब तक भाजपा महिला मोर्चा की ओर से अभी पीड़िताओं से मुलाकात नहीं की गई है। इससे पता चलता है कि भाजपा की कथनी और करनी में कितना फर्क है। तुलिका ने पीड़ित महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जांच टीम ने प्रथम दृष्टा में पाया कि विभाग के लिपिक संतोष झा, संगीता देवांगन, मीना माथुर, नीरू कश्यप द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया गया साथ ही पीड़िताओं पर बयान बदलने एवं डीपीओ वरुण नागेश को मामले में बचाने का भी प्रयास किया गया। तुलिका ने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके ऊपर न्यायिक प्रकरण एवं निलंबन की कारवाई जांच समिति अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। वहीं महिला कांग्रेस के सभी सदस्यों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषी अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल निलंबित किया जाए तथा उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी शासकीय कार्यालयों में महिला सुरक्षा के लिए प्रभावी तंत्र को और मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया जाएं। महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के अंदर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो महिला कांग्रेस द्वारा कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा।

#### जांच टीम ने की कलेक्टर से मुलाकात

जांच टीम के सदस्यों ने आज कलेक्टर देवेश ध्रुव से मुलाकात कर उन्हें मामले की पूरी सच्चाई बताई। इस पर कलेक्टर ने जांच टीम को आश्वस्त किया कि जांच में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी, जांच में दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि गीदम तहसीलदार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है जो एक सप्ताह के भीतर अपनी जांच प्रस्तुत करेगी उसके पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के मुलाकात के दौरान जांच ने भी कहा कि वह अपनी जांच रिपोर्ट जल्द ही प्रस्तुत करेंगे।

## एक नजर

### अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए 14 अप्रैल को विशाल रैली

**जगदलपुर, 8 अप्रैल (तछसं.)।** अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और जन-जागरूकता के उद्देश्य से इस वर्ष भी जिले में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भारत सरकार एवं महानिदेशक अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं मुख्यालय रायपुर के निर्देशों का पालन करते हुए आगामी 14 अप्रैल को शहर के मुख्य मार्गों से एक जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली सुबह 10 बजे स्थानीय लाल बाग मैदान से प्रारंभ होकर शहर के हृदय स्थलों जैसे कोतवाली चैक, गोल बाजार चैक, गुरु नानक चैक और संजय बाजार चैक से होकर गुजरेगी।रैली का कारवां आगे बढ़ते हुए चांदनी चौक, शहीद पार्क, जमाल मिल और माड़िया चैक जैसे व्यस्त क्षेत्रों में नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति सचेत करेगा। केन्द्रीय विद्यालय के मार्ग से होते हुए इस रैली का औपचारिक समापन दोपहर 2 बजे एनएमडीसी चैक स्थित फायर स्टेशन पर किया जाएगा। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य इस आयोजन के माध्यम से अग्नि दुर्घटनाओं से होने वाली जन-धन की हानि को कम करना और नागरिकों को बचाव के प्रभावी तरीकों से रूबरू कराना है, ताकि भविष्य में होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके।

### विवाह समारोह से लौट रही पिकअप पलटी, 2 महिलाओं की हुई मौत, 37 घायल

**जगदलपुर, 8 अप्रैल (तछसं.)।** बस्तर जिले के घोटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढाबामारी के पास आज मंगलवार की सुबह विवाह समारोह से लौट रही एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन पलट गई, इस हादसे में 2 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 37 लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के साथ ही बचाव दल मौके पर पहुंचकर घायलों को लोहंडीगुड़ा अस्पताल में प्रथमिक उपचार के बाद मेकॉज लाया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।मिली जानकारी के अनुसार सिरिसगुड़ा निवासी एक परिवार अपने गांव के लोगों के साथ सोमवार को गांव के ही रामधर कि पिकअप वाहन में नारायणपुर जिले के ओरछा के रेंगाबेड़ा में विवाह समारोह में गए हुए थे, विवाह का कार्यक्रम खत्म होने के बाद मंगलवार की सुबह जब पिकअप में सब वापस आ रहे थे तभी घोटिया थाना क्षेत्र के ढाबामारी के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और पिकअप पलट गई।इस दुर्घटना में मृतकों की पहचान सिबो और मिटको के रूप में हुई है, जबकि अन्य 37 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा मामले की जांच में प्राथमिक तौर पर ओवरलोडिंग और वाहन के असंतुलन से हादसे की वजह माना जा रहा है।

### राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पाने वालों में बीजापुर के 3 शिक्षक शामिल




**बीजापुर , 8 अप्रैल।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राज्य स्तर पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने सम्मानित किया गया। एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स शिक्षक सम्मान 2026÷ के तहत प्रदेशभर के चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए राज्य के लगभग 72 हजार शिक्षकों में से चयन प्रक्रिया पूरी की गई। वेब पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों के नवाचार, शैक्षणिक गतिविधियों और चुनौतियों से निपटने की क्षमता का मूल्यांकन किया गया। इसके बाद विशेषज्ञ टीम द्वारा साक्षात्कार लेकर प्रदेश के 100 श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन किया गया। बीजापुर से भी शिक्षकों ने अपनी उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज कराते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। इनमें श्रीमती रंजीता उमेश नक्का (प्रधान अध्यापक, कन्या आश्रम मिगाचल), भूपेन्द्र कुमार मिच्चा (प्रधान अध्यापक, बालक आश्रम गुदमा) और चिमन लाल चंदेल (सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला मिनकापल्ली, विकासखंड भोपालपटनम) शामिल रहे। कार्यक्रम में श्रीमती उमेश्वरी साहू के विद्यालय का नवाचार वीडियो भी प्रस्तुत किया गया, जिसे अतिथियों ने खूब सराहा। शिक्षकों द्वारा किए जा रहे रचनात्मक प्रयासों और नवाचारों की विशेष प्रशंसा की गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, एफएलएन नवाजतन रिसोर्स टीम के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। इस सम्मान से क्षेत्र में खुशी का माहौल है >।

# शासन से प्राप्त निर्देशों का हो क्रियान्वयन, 14 अप्रैल से 'स्वस्थ बस्तर अभियान' होगा प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 8 अप्रैल ।** बस्तर जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि 14 अप्रैल से जिले में ÷स्वस्थ बस्तर अभियान÷ चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत घर-घर स्वास्थ्य जांच की जाएगी तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुनिश्चित किया जाए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से एम्बुलेंस व्यवस्था, सौ दिन टीबी टेस्टिंग की निक्षय पोर्टल पर प्रगति तथा अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ऑनलाइन पोस्टमार्टम रिपोर्ट व्यवस्था लागू करने पर चर्चा की ताकि आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर ने 9 अप्रैल को दरभा क्षेत्र में आयोजित



होने वाले शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। जिला प्लांटेशन की कार्ययोजना तैयार करने, जनपदों में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित कैंटीन व्यवस्था तथा जन औषधि केंद्रों के संचालन की भी समीक्षा की गई। उन्होंने उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न भंडारण की स्थिति पर संज्ञान लेते हुए सभी एसडीएम को प्रमुख एफसीआई गोदामों का निरीक्षण करने और पीडीएस संचालकों की तहसीलवार मासिक समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अक्रियाशील खातों से राशि जमा करवाने हेतु संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को शासन के निर्देशानुसार खाद्य विक्रेताओं की दुकानों में मानकों के अनुरूप विक्रय करने की जांच करने तथा एसडीएम को भी दुकानों का निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा।बैठक मे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी, एग्रीस्टैक वेरिफिकेशन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एनसीईएआर सर्वे, जनगणना की प्रारंभिक तैयारियों एवं मुख्य सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के निर्देशों के पालन की समीक्षा भी बैठक में की। आकांक्षी ब्लॉकों में ÷सम्पूर्णता अभियान 2.0÷ के चार प्रमुख पैरामीटरों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत रेडी-टू-ईट निर्माण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन एवं कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का अपार आईडी बनाने की प्रगति का संज्ञान लिया। इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी के लंबित आवेदनों, तथा शिक्षा विभाग में अपार आईडी निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को जाति प्रमाण पत्र के आंकड़ों की ब्लॉकवार समीक्षा गूगल शीट में दर्ज करने के निर्देश दिए। बैठक में वय वंदना कार्ड निर्माण, एमएनएसई परीक्षा की तैयारियों सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।



### हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मंत्री केदार कश्यप हुए शामिल

**जगदलपुर, 8 अप्रैल।** बस्तर सांसद महेश कश्यप के निवास ग्राम कुम्हरावंण्ड झरनीगुड़ा में आयोजित श्रीराम भक्त श्रीहनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आज मंगलवार को छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रथम दिवस मंत्री केदार कश्यप ने मंडपाच्छादन एवं अभिषेक में भाग लेकर पवनपुत्र हनुमान की विधिवत पूजा अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि एवं कश्यप परिवार के मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान उन्होंने सांसद महेश कश्यप, कश्यप परिवार एवं ग्रामीणजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।

### लॉ एंड ऑर्डर के मामले में पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी:कलेक्टर

**जगदलपुर 8 अप्रैल ।** जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा सहित जिले के सभी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। कलेक्टर ने कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं विकास कार्यों को प्रभावित करने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# नक्सली जहां सरकार विरोधी शिक्षा देते थे, वहां खोले जाएंगे 22 स्कूल

**सुकमा, 8 अप्रैल।** बस्तर के सुदूर वनांचलों के जिन गांवों में कभी बच्चों को जनताना स्कूलों के जरिए माओवादी विचारधारा की शिक्षा दी जाती थी, वहां अब भारतीय संविधान और औपचारिक शिक्षा की गूंज सुनाई दे रही है। वहीं सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक में शिक्षा विभाग ने 22 नए स्कूल खोलने का प्रस्ताव भेजा है। यह उन बच्चों के लिए उम्मीद की नई किरण है, जिन्होंने अब तक स्कूल की दहलीज नहीं देखी है।



गौरतलब है कि बीजापुर और सुकमा जिले के कई नक्सल प्रभावित गांव वर्षों तक पहुंच से बाहर रहे, यहां शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई थी। हालात ऐसे हैं कि कई गांवों में 10 साल तक के बच्चों को अब नर्सरी में दाखिला देना पड़ेगा, क्योंकि उन्होंने कभी स्कूल देखा ही नहीं। कोंटा ब्लॉक की स्थिति सबसे ज्यादा खराब रही है। हिड़मा के गांव पूवर्ती में सीआरपीएफ द्वारा गुरुकुल शुरू किए जाने के बाद बदलाव की शुरुआत हुई। करीब 20 साल बाद यहां बच्चों को पहली बार बताया गया कि स्कूल क्या होता है, ब्लैकबोर्ड कैसे काम करता है, और पढ़ाई कैसे की जाती है। आज पूवर्ती गुरुकुल में 30 बच्चे पढ़ रहे हैं, जबकि शिक्षा विभाग के स्कूल में भी 20 से अधिक बच्चों ने प्रवेश लिया है। टेकलागुड़ा सहित अन्य गांवों में भी कैंप खुलने के बाद स्कूल और अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

# बस्तर में 2 वर्ष के भीतर लगाए गए 3500 मोबाइल टावर, 401 नए टावर प्रस्तावित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 8 अप्रैल ।** बस्तर देश का पहला और इकलौता संभाग बन गया है, जहां पिछले 2 वर्ष के भीतर 3500 से ज्यादा मोबाइल टावर लगाए गए हैं, वहीं वर्तमान में 401 और नए टावर प्रस्तावित हैं। नक्सलियों के पूरी तरह खात्मे में भी मोबाईल कनेक्टिविटी के जरिए आई संचार क्रांति की बड़ी भूमिका रही है। नक्सलियों से जुड़ी जो जानकारी कभी सुरक्षाबलों तक मिलने लगी। नक्सलियों के सटीक लोकेशन और गतिविधियों के आधार पर सुरक्षाबलों ने मिशन 2026 के तहत सैकड़ों ऑपरेशन लॉन्च किए, इनमें बड़े पैमाने पर नक्सलियों के खात्में में मदद मिली। बीएसएनएल के अनुसार बस्तर संभाग में सबसे ज्यादा 848 गांवों तक 4जी नेटवर्क पहुंच चुका है। इधर जियो के आंकड़े करीब 3 गुना ज्यादा हैं। अकेले बस्तर संभाग के धुर नक्सल प्रभावित माने जाने वाले दंतेवाड़ा, सुकमा व बीजापुर जिलों के 307 गांव आज 4जी नेटवर्क से लैस हो चुके हैं। वहीं बस्तर जिले के 167, कोंडागांव के 23 और नारायणपुर के 233 गांवों के अलावा कांकेर के 113 गांवों तक 4जी नेटवर्क पहुंच चुका है।गौरतलब है कि बस्तर संभाग में सबसे ज्यादा अकेले जियो कंपनी के 2 हजार टावर हैं, जबकि बीएसएनएल के 477, एयरटेल के करीब 175 और वीआई के 200 से ज्यादा टावर स्थापित हैं। अंदरूनी इलाकों में मोबाइल नेटवर्क पहुंचाने का जिम्मा बीएसएनएल और जियो ही संभाल रहे हैं। बस्तर को नक्सल मुक्त बनाने पूरे बस्तर संभाग में 150 से ज्यादा पुलिस कैंप खोले गए। वहीं सरकार ने नियद नेल्ला नार योजना भी शुरू की। इसके तहत कैंप से 10 किमी के दायरे में आने वाले गांवों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जानी हैं। इनमें मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी पहली प्राथमिकता है। यही कारण है कि बस्तर में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी को एक मिशन के रूप में लेकर बीएसएनएल और जियो लगातार काम कर रहे हैं।बस्तर में बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक शरतचंद्र तिवारी ने बताया कि कंपनी ने हर गांव तक टेलीकॉम सेवाओं का विस्तार करने का प्रयास किया गया है। डिजिटल भारत निधि मोबाइल परियोजना के तहत बीएसएनएल ने बस्तर में 160 ऐसे नए गांवों तक कवरेज पहुंचाया, जहां अब तक किसी भी ऑपरेटर की सेवाएं उपलब्ध नहीं थीं। इसके अलावा पहले से स्थापित टावरों को भी 4-जी में तब्दील किया जा रहा है। वर्तमान में बस्तर में करीब 1400 नोड्स के जरिए बीएसएनएल वॉइस और डाटा सेवाएं मुहैया करवा रहा है। नए टावर लगने और पुराने टावर के उन्नयन से बस्तर में डाटा खपत का औसत 80 प्रतिशत तक बढ़ गई है। बस्तर के कोने-कोने तक मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी के लिए लगातार काम जारी है। उन्होने बताया कि वर्तमान में 401 और नए टावर प्रस्तावित हैं।



### पंचायत सचिव भर्ती की चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी, दस्तावेज सत्यापन 9 अप्रैल को

**कांकेर, 8 अप्रैल ।** जिला पंचायत कांकेर द्वारा जिले के ग्राम पंचायत सचिवों (पंचायत कर्मी) के 18 पदों पर भर्ती के लिए कम्प्यूटर कौशल परीक्षा के बाद वरीयता सूची के आधार पर संबंधित अभ्यर्थियों की चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी किया गया है।ग्राम पंचायत सचिवों के लिए चयनित 18 अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज का सत्यापन 09 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत कार्यालय कांकेर में किया जाएगा। अभ्यर्थी चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का अवलोकन जिला पंचायत कांकेर के सूचना पटल एवं जनपद पंचायत कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल, अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा के सूचना पटल पर कर सकते हैं।

# चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**भिलाई, 8 अप्रैल ।** अमलेश्वर थाना और एससीसीयुकी टीम ने सुने मकान में चोरी कर ए वाले गिरोह के 3 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों पास से सोने चांदी के जेवरात समेत दो पहिया वाहन बरामद किया है अमलेश्वर थाना क्षेत्र के मोतीपुर में रहने वाले रामस्वरूप साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घरेलू काम से 25 जनवरी से 29 जनवरी बाहर गया हूं था इसी दौरान उसके सुने मकान में अज्ञात आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रार्थी के घर और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल गया जिसके बाद पुलिस को 2 महीने बाद एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने इस मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 लाख 22 हजार के जेवरात समेत दो पहिया वाहन बरामद किए है। पकड़े गए आरोपी खिलेश दास मानिकपुरी,भुनेश्वर यादव और तुलेश्वर सोनकर शामिल है। सभी आरोपी रायपुर जिले के रहने वाले है।मुख्य आरोपी खिलेश मानिकपुरी ने चोरी के जेवरात को तुलेश्वर को दे दिया जिसके बाद सोने के जेवरात को तुलेश्वर ने अपनी बहन पुष्पलता दे दिए जिसने आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखा दो थई वही तुलेश्वर ने चांदी के जेवरात को मौसी माया सोनकर को दे दिए थे। पुलिस ने फाइनेंस कंपनी से सोने के जेवरात और उसकी मौसी के घर से चांदी के जेवरात को बरामद की है। आरोपी खिलेश ने चोरी के पैसे से एक स्कूटी और महंगा मोबाइल खरीदी लिया था जिसे भी पुलिस ने जप्त किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ रायपुर डीडी नगर और अमलेश्वर थाना क्षेत्र में पूर्व भी अपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि अमलेश्वर थाना क्षेत्र में सुने मकान में चोरी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनके पास से चोरी के सोने चांदी के जेवरात,स्कूटी समेत मोटर साइकिल बरामद किया है जिसको अनुमानित कीमत 8 लाख 22 हजार आंकी गई है इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।



# संघर्ष से सम्मान तक,सगनूराम आंचला के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

**कांकेर, 8 अप्रैल ।** सगनूराम आंचला की जीवन यात्रा एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो यह दर्शाती है कि सही दिशा और अवसर मिलने पर कोई भी व्यक्ति अपने जीवन को नई राह दे सकता है। सगनूराम बताते हैं कि वे पहले नक्सल गतिविधियों से जुड़े हुए थे। उनका अधिकांश समय जंगलों में भटकते हुए बीतता था, जहां न तो स्थायित्व था और न ही भविष्य की कोई स्पष्ट दिशा। लेकिन शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर उन्होंने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया और कांकेर में आत्मसमर्पण किया।

आत्मसमर्पण के बाद उन्हें भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम मुल्ला (चौगेल) स्थित पुनर्वास केंद्र में 3 माह का कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने राजमिस्त्री, काष्ठ शिल्प कला के साथ-साथ इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण भी हासिल किया। साथ ही उन्होंने अपनी अधूरी शिक्षा को पूरा करते हुए पहली से आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई भी पूरी की। आज सगनूराम अपने सीखे हुए हुनर के दम पर एक निजी फर्म में इलेक्ट्रिशियन के रूप में चयनित हो चुके हैं, जहां उन्हें प्रतिमाह 15,000 रुपये वेतन मिलेगा। वे जल्द ही इस कार्य में जुड़ने वाले हैं और अपने नए जीवन को लेकर बेहद उत्साहित है।



सगनूराम आंचला ने इस सकारात्मक बदलाव के लिए केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। उनकी यह सफलता उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है, जो परिस्थितियों के कारण भटके हुए हैं, सही मार्ग चुनकर जीवन को नई दिशा दी जा सकती है। इसी तरह प्रशिक्षण देकर उन्हें सुनयोजित कर कांकेर जिला बस्तर संभाग में रोजगार देने वाला प्रथम जिला बन गया है।

## एक नजर

### अजा.अजजा विद्यार्थियों के लिए उत्कर्ष योजना में प्रारूप जमा करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल

**मोहला, 8 अप्रैल ।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) संचालित की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर करियर चयन के लिए प्रेरित करना, उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाना तथा उनके बहुमुखी व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना है।योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क अध्ययन की सुविधा प्रदान की जाती है। इन विद्यालयों के लिए विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है। जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार का आर्थिक बोझ न उठाना पड़े। इच्छुक संस्थाओं को रूचि की अभिव्यक्ति के प्रारूप में प्रस्ताव तैयार कर संबंधित जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2026 को अपराह्न 5.00 बजे तक निर्धारित की गई है।

### श्रम विभाग की योजना से उच्च शिक्षा के लिए श्रमिकों के बच्चों को मिलेगा लाभ

**मोहला, 8 अप्रैल ।** श्रम विभाग द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण योजना के माध्यम से अब पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन और आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य श्रमिक परिवारों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करना तथा उन्हें देश-विदेश में बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। यह योजना ÷मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना÷ के नाम से संचालित है, जिसके अंतर्गत कक्षा 10 वीं से लेकर उच्च शिक्षा एवं विदेश में अध्ययन तक के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना के तहत दी जाने वाली राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से एकमुश्त भेजी जाती है। योजना का लाभ पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के अधिकतम दो बच्चों को ही मिलेगा और यह सहायता प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में केवल एक बार प्रदान की जाएगी। साथ ही श्रमिक का कम से कम 90 दिन पूर्व मंडल में पंजीयन होना अनिवार्य है।

### किसानों के लिए कृषि नियंत्रण कक्ष स्थापित,नोडल अधिकारी नियुक्त

**मोहला, 8 अप्रैल ।** खरीफ और रबी वर्ष 2026-27 के दौरान किसानों को समय पर बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि और कल्चर जैसी कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने, उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कीट-व्याधि नियंत्रण में सलाह देने के उद्देश्य से जिला स्तर पर कृषि नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस कक्ष के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों के विक्रय में अनियमितता, कालाबाजारी और जमाखोरी पर नियंत्रण रखा जाएगा। नियंत्रण कक्ष में नोडल अधिकारी के रूप में श्री एस. के. सिक्या, सहायक संचालक कृषि संपर्क नंबर- 8959922886, सहायक नोडल अधिकारी के रूप में श्री आर.के. पिस्दे, अनुविभागीय कृषि अधिकारी अं.चौकी संपर्क नंबर- 9406073451, तथा सहायक के रूप में श्री जितेन्द्र कुमार नेताम संपर्क नंबर- 6264904886, श्री एस. के. दामले और श्री विनोद कुमार निर्मल संपर्क नंबर- 9407903903 को ड्यूटी सौंपी गई है। किसान और कृषि हितधारक इस कक्ष से संपर्क कर आवश्यक सामग्री और सलाह प्राप्त कर सकते हैं।

### मेगा हेल्थ कैंप से सुकमा जिले के ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

**जगदलपुर, 8 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मेगा सुपर स्पेशयलिटी हेल्थ कैंप सुकमा जिले के लिए एक ऐतिहासिक पहल साबित हुआ। विगत 28 एवं 29 मार्च को मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित इस दो दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर ने दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के हजारों जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाई।इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में कुल 6400 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। विशेष रूप से दूर-दराज के गांवों से लगभग 3700 ग्रामीणों को बसों के माध्यम से लाकर शिविर में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे ÷सरकार आपके द्वार÷ की भावना साकार होती नजर आई। शिविर में विभिन्न सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को आगे के इलाज हेतु चिन्हांकित भी किया गया, जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इसी क्रम में पुनर्वास केंद्र के हितग्राहियों-आत्मसमर्पित माओवादी मोड़ियम भीमाएवं श्री वेट्टी बुधू ने भी मेगा हेल्थ कैंप में स्वास्थ्य परीक्षण कराया। यह पहल दर्शाती है कि शासन द्वारा समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। मोड़ियम भीमा ने बताया पहले हमें इलाज के लिए दूर जाना पड़ता था, लेकिन इस शिविर में डॉक्टरों ने अच्छी तरह जांच कर दवा दी। अब स्वास्थ्य में सुधार महसूस हो रहा है। सरकार द्वारा यहां तक सुविधा पहुंचाना हमारे लिए बहुत राहत की बात है। वहीं श्री वेट्टी बुधू ने कहा कि हम जैसे लोगों के लिए यह कैंप बहुत मददगार है। बिना खर्च के इलाज मिला और डॉक्टरों ने समझाकर इलाज बताया। इसी क्रम में करण ने भी शिविर में पहुंचकर मुंह में हो रहे छालों की जांच कराई। लंबे समय से इस समस्या से परेशान करण को शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच कर उचित दवा एवं परामर्श दिया गया। जांच के बाद करण ने बताया मुंह में छाले होने से खाने-पीने में काफी दिक्कत होती थी। यहां डॉक्टरों ने अच्छे से जांच की और दवा दी, अब आराम महसूस हो रहा है । इसी तरह ग्राम पंचायत मारोकी से पहुंचे ग्रामीण सोढ़ी सुनील ने स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल उनके लिए बेहद लाभकारी साबित हुई है। उन्होंने बताया कि शिविर में पंजीयन से लेकर जांच, दवा वितरण और डॉक्टरों की उपलब्धता तक सभी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी रही।

# जिला प्रशासन और मीडिया के बीच विकास कार्यों,शासन की प्राथमिकता, योजनाओं की प्रगति पर हुई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 8 अप्रैल।** जिला प्रशासन और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच त्रैमासिक संवाद कार्यक्रम आज सार्थक और सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें जिले में संचालित विकास कार्यों, शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी और जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे ने विभिन्न विभागों की गतिविधियों और उपलब्धियों की समग्र जानकारी साझा की।

संवाद के दौरान कलेक्टर ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए जिले में चल रहे विकास कार्यों शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, प्रदूषण नियंत्रण एवं अधोसंरचना विकास जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, जिसके तहत औद्योगिक इकाइयों में नियमों का सख्ती से पालन तथा अन्य प्रभावी उपाय लागू किए जा रहे हैं। नगरीय क्षेत्रों में यातायात एवं प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए बायपास निर्माण एवं विशेष कार्ययोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।



शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों पर फोकस करते हुए जर्जर स्कूल भवनों के स्थान पर नए भवनों के निर्माण तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृति दी जा रही है। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक टेस्टिंग सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। रोजगार के क्षेत्र में युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने के लिए नवाचारपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। खनन प्रभावित क्षेत्रों की बालिकाओं के लिए संचालित नव गुरुकुल में 150 से अधिक छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, जिन्हें 100 प्रतिशत प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की योजना है।कृषि क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। लैलूंगा क्षेत्र में पारंपरिक जवाफूल चावल के साथ जिले के अन्य क्षेत्रों में तिलहन एवं पाम ऑयल फसलों की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देकर रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने की दिशा में भी ठोस पहल की जा रही है। जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत खनन प्रभावित क्षेत्रों में पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां मौके पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं श्रम कार्ड से संबंधित सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक ग्राम पंचायतवार राजस्व पखवाड़ा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। पर्यटन विकास की दिशा में केलो नदी के उद्गम स्थल लुड़ेग सहित अन्य प्रमुख स्थलों के समग्र विकास हेतु कार्ययोजना तैयार की जा रही है। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री रवि राही सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# तीन माह का खाद्यान्न एकमुश्त बांटने की तैयारी

- 15 अप्रैल तक अग्रिम भंडारण पूर्ण करने के निर्देश
- 665 उचित मूल्य दुकानों में होगा सुचारु वितरण
- खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 8 अप्रैल।** कलेक्टर के निर्देशानुसार आज अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने खाद्य विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। अपर कलेक्टर ने कहा कि जिले की सभी 665 उचित मूल्य दुकानों में आगामी तीन माह का खाद्यान्न एकमुश्त भंडारित कर उसका सुचारु वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह के भंडारण कार्य को शीघ्र पूर्ण करते हुए सभी उचित मूल्य दुकानों में ÷चावल उत्सव÷ आयोजित किया जाए और हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। साथ ही शेष दो माह के खाद्यान्न भंडारण कार्य को 15 अप्रैल तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर ने सभी गोदामों में भंडारण एवं वितरण के लिए पर्याप्त संख्या में हमाल उपलब्ध रखने, परिवहन हेतु पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कार्य में तेजी लाने के लिए अवकाश के दिनों में भी गोदाम खुले रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा, जिससे भंडारण और वितरण प्रक्रिया सुव्यवस्थित रुप से हो सके। साथ ही कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।बैठक में खाद्य अधिकारी श्री चितरंजन सिंह, सहायक खाद्य अधिकारी राबिया खान, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, सभी एएफओ/एफआई, जिले के सभी प्रदाय केंद्रों के प्रभारी, स्टेट वेयर कॉर्पोरेशन के नोडल अधिकारी, शाखा प्रबंधक एवं समस्त परिवहनकर्ता उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी ग्रामीण महिलाएं



**रायगढ़, 8 अप्रैल।** शासन की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत जिले की ग्रामीण महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की सशक्त मिसाल बनकर उभर रही हैं। योजना से जुड़कर महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने परिवार की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ग्राम बड़ेभंडार निवासी मथुरा कुर्रे ने बताया कि बिहान से जुड़ने के बाद उन्हें आर.एफ. और सी.आई.एफ. के तहत आर्थिक सहयोग मिला। इस सहायता से उन्होंने घर पर ही अचार, पापड़, बड़ी एवं मसाला निर्माण का कार्य प्रारंभ किया। आज वे अपने उत्पादों को बाजार में विक्रय कर अच्छी आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और वे आत्मनिर्भर बन सकी हैं। इसी तरह ग्राम रूमकेरा, तहसील घरघोड़ा की जमुना सिदार पहले गृहिणी थीं। बिहान से जुड़ने के बाद उन्होंने बांस शिल्प का प्रशिक्षण प्राप्त किया और टोकरी, सूपा एवं अन्य उत्पाद बनाना शुरू किया। उन्हें विभिन्न मेलों, विशेषकर 'सरस मेला' में अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

# ऑटो डायवर्सन प्रकरणों के निराकरण में रायगढ़ अनुभाग प्रदेश में शीर्ष स्थान पर

**रायगढ़, 8 अप्रैल।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, नवा रायपुर द्वारा नागरिकों की सुविधा हेतु भूमि डायवर्सन प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से ऑटो डायवर्सन प्रणाली की शुरुआत की गई है। इस प्रणाली के अंतर्गत नागरिक अपनी भूमि के डायवर्सन संबंधी आवेदन सीधे नागरिक सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कर निर्धारित शुल्क का भुगतान ऑनलाइन चालान के माध्यम से कर सकते हैं।

इससे पूरी प्रक्रिया अधिक सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध हो गई है। इसी क्रम में रायगढ़ अनुभाग ने इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। अनुभाग द्वारा आवेदन प्राप्ति से लेकर ऑनलाइन चालान के माध्यम से राशि जमा कराने एवं प्रकरणों के निराकरण तक प्रभावी कार्य किया गया है। अब तक रायगढ़ अनुभाग में कुल 180 ऑटो डायवर्सन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके माध्यम से 27,09,683 रुपए (सत्ताईस लाख नौ हजार छह सौ तिरासी रुपये) की राशि शासन के खाते में ऑनलाइन चालान के माध्यम से जमा हुई है अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़ द्वारा प्राप्त आवेदनों में से 46 प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर अंतिम आदेश जारी कर निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष प्रकरणों का भी प्राथमिकता के आधार पर निराकरण जारी है। एसडीएम रायगढ़ के अनुसार यह प्रणाली प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भूमि व्यपवर्तन की प्रक्रिया सरल हुई है ।

# दलहन-तिलहन फसल व रकबा सत्यापन के लिए किसान पंजीयन तिथि 20 अप्रैल तक बढ़ा दी गई

**रायपुर,8 अप्रैल।** प्रदेश के दलहन - तिलहन उत्पादक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सुनिश्चित करने के लिये लागू किया गया पी एम आशा योजना में जहां किसानों के फसल व? रकबा सत्यापन करने हेतु नया निर्देश नया नियम बना जारी कर दिया गया है वहीं किसान पंजीयन तिथि को भी आसन्न 20 अप्रैल तक के लिये बढ़ा दिया गया है । दलहन - तिलहन उत्पादक किसानों के हित में ध्यानाकर्षण के बाद शासन - प्रशासन ने यह निर्णय लिया है ।

ज्ञातव्य हो किसान पंजीयन तिथि समाप्त होने के लगभग एक सप्ताह पहले ही गिरदावरी पंजीयन पोर्टल बंद कर दिये जाने की वजह से किसानों का गिरदावरी डाटा इन्द्राज न हो पाने से किसानों में व्याप्त आक्रोश की ओर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , कृषि मंत्री रामविचार नेताम , मुख्य सचिव विकासशील व मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह का ध्यान किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने बीते 4 अप्रैल को ज्ञापन सौंप आकृष्ट कराया था । इसके बाद हरकत में आये कृषि विभाग ने बीते कल 7 अप्रैल को एक आदेश जारी कर जहां बीते 31 मार्च को समाप्त हो चुके किसान पंजीयन तिथि को आगामी 20 अप्रैल तक के लिये बढ़ा दी है वहीं एक दूसरा आदेश जारी कर गिरदावरी पुष्टि हेतु नया नियम बना दिया है । पंजीयन तिथि वृद्धि संबंधी आदेश में लिखा गया है कि पूर्व में यह तिथि बीते 01 दिसंबर से 28 फरवरी तक निर्धारित थी जिसे 31 मार्च तक विस्तारित किया गया था । पुनः कृषि संचालक व जिलाधीशों द्वारा अभी भी कृषक पंजीयन लंबित होने की जानकारी दिये जाने पर एकीकृत किसान पोर्टल में किसान पंजीयन हेतु तिथि आगामी 20 अप्रैल तक बढायी जाती है । वहीं गिरदावरी डाटा के पोर्टल में इन्द्राज के संबंध में नया निर्देश जारी करते हुये कहा गया है कि विभाग के संज्ञान में लाया गया है कि रबी फसल हेतु की गयी गिरदावरी / डी सी एस अपूर्ण होने के कारण उपार्जन हेतु फसल एवं रकबा के सत्यापन में कठिनाई हो रही है। अतः फसल एवं रकबा के सत्यापन हेतु पटवारी व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी प्रमाण पत्र किसान द्वारा प्रस्तुत किये जाने पर प्रमाण पत्र को मान्य करते हुये फसल एवं रकबा का सत्यापन कर उपार्जन की कार्यवाही सुनिश्चित किया जावे । ज्ञातव्य हो कि किसान पंजीयन हेतु पूर्व में निर्धारित 31 मार्च के तिथि के पहले ही गिरदावरी प्रविष्टि पोर्टल 26 मार्च से बंद कर दिये जाने के कारण व इसके पूर्व भी पंजीयन करा चुके रबी उत्पादक किसानों का फसल - रकबा संबंधित पोर्टल में प्रविष्ट न हो पाने के कारण उनमें आक्रोश व्याप्त हो गया था ।

# बैठक में अक्ती के दिन बाल विवाह रोकने पर जोर



**कांकेर, 8 अप्रैल ।** अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे की अध्यक्षता में मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत गठित जिला बाल संरक्षण समिति एवं अन्य संबद्ध समितियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ÷बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल को बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके लिए पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के साथ समन्वय कर कार्ययोजना तैयार कर लक्ष्य प्राप्ति करने के निर्देश दिए गए।

बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिकाओं के पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उन्हें संस्था से विमुक्ति के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देशित किया गया। बाल देखरेख संस्थाओं में रहने वाली बालिकाओं एवं पॉक्सो पीड़ितों को कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ने पर जोर दिया गया, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। बैठक में बालिका गृह, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के भवनों के उन्नयन एवं मरम्मत कार्य के लिए राशि की व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा की गई।

# कार्यशाला में विभागीय अधिकारियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**जगदलपुर, 8 अप्रैल ।** कलेक्टोरेट में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य और मनो सामाजिक कल्याण पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के लगभग 40 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह सत्र मनो बस्तर पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन और मरीवाला हेल्थ इनिशिएटिव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बस्तर जिले के आवासीय संस्थानों में रहने वाले जनजातीय बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समर्थन और आत्महत्या रोकथाम के लिए संस्थागत तैयारियों को मजबूत करना था।

कार्यशाला का संचालन डॉ. अचल भगत ने किया, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर एक समग्र (इंटरसेक्शनल) दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। डॉ. भगत अपोलो हॉस्पिटल्स में वरिष्ठ मनोचिकित्सक हैं, जो सार्थक मेंटल हेल्थ नामक एक गैर-लाभकारी संस्था के अध्यक्ष भी हैं और एक सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी हैं, जिन्हें सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य और जनसंपर्क के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। सत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारकों से प्रभावित होता है, और इन चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के बीच सहयोग आवश्यक है। प्रतिभागियों ने आवासीय संस्थानों में रहने वाले बच्चों की दैनिक परिस्थितियों पर चर्चा की और इस बात पर प्रकाश डाला कि पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पानी और मनोरंजक गतिविधियों तक पहुँच उनके मानसिक स्वास्थ्य को किस प्रकार प्रभावित करती है। कार्यशाला का मुख्य संदेश यह था कि विभागों के अधिकारी अपने मौजूदा कार्यों में मानसिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण को शामिल करें। कार्यशाला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रतीक जैन और सहायक कलेक्टर श्री विपिन दुबे भी मौजूद रहे। साथ ही जिले के विभिन्न आवासीय संस्थानों के साथ सीधे काम करने वाले ब्लॉक स्तर के समन्वयकों ने भी कार्यशाला में भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।

# प्रशासन-पुलिस और जन प्रतिनिधियों की बैठक में कई मुद्दों पर बनी सहमति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 8 अप्रैल।** तमनार क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कल होने वाले प्रस्तावित आंदोलन से पहले आज घरघोड़ा में प्रशासन, पुलिस, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय संगठनों के बीच त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें सकारात्मक चर्चा के बाद कई मुद्दों पर सहमति बन गई। उस्मान बेग एवं जिला आरिफ हुसैन के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा हाल ही में कलेक्ट्रेट रायगढ़ में रोजगार, श्रमिक हित, प्रदूषण नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, सीएसआर कार्य एवं अन्य जनसुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था जिसके बाद संगठन द्वारा प्लांट घेराव सहित उग्र आंदोलन की जानकारी मिली थी। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रशासन द्वारा पहल करते हुए श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम घरघोड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें डीएसपी सुशांतो बनर्जी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों, संगठन प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों के बीच विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।



बैठक में युवाओं की ओर से स्थानीय रोजगार को लेकर प्रमुख मांग रखी गई, जिसमें कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में नियमित प्लेसमेंट कैंप आयोजित कराने, प्रभावित ग्रामों के युवाओं के लिए विशेष भर्ती शिविर लगाने और उद्योगों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की बात कही गई। प्रशासन ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से रोजगार उन्मुख कार्ययोजना तैयार करने का आश्वासन दिया।

सड़क सुरक्षा और जनसुविधा के मुद्दे पर घरघोड़ा से रायगढ़ मार्ग के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, पूंजीपथरा तिराहा में हाईमास्ट लाइट स्थापित करने, बंजारी मंदिर से प्लांट तक सड़क पर स्ट्रीट लाइट, सौंदर्यीकरण, मरम्मत, सफाई और पानी छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। साथ ही भारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग पर रोक लगाने, वैकल्पिक पार्किंग स्थल विकसित करने और ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया गया, जिससे मार्ग पर लगने वाले जाम की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। इसके अलावा रायगढ़-घरघोड़ा एवं घरघोड़ा-धरमजयगढ़ फोरलेन सड़क निर्माण की मांग को भी दोहराया गया, जिस पर प्रशासन ने प्रस्ताव बनाकर शासन स्तर पर भेजने की बात कही। बैठक में प्रदूषण, फ्लाई ऐश, औद्योगिक अपशिष्ट, श्रमिक हितों एवं सीएसआर कार्यों से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई, जिस पर प्रशासन ने संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के निर्देश देने और समयबद्ध कार्ययोजना बनाने का भरोसा दिलाया। बैठक के बाद उस्मान बेग ने प्रशासन द्वारा सकारात्मक पहल और आश्वासन को देखते हुए प्रस्तावित आंदोलन को अस्थायी रूप से स्थगित करने की घोषणा की है।

### 30 अप्रैल तक संपत्ति कर जमा करने पर अधिभार नहीं लगेगा

**राजनांदगांव 8 अप्रैल।** आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये छत्तीसगढ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस माह की विशेष छुट के तहत 30 अप्रैल 2026 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर अधिभार नहीं लगने छुट प्रदान की गई है। छुट का लाभ देने नगर निगम का राजस्व अमला बकायादारो से सम्पर्क कर बकाया सम्पत्तिकर जमा करने समझाईस दे रहे है, ताकि अधिभार से बचा जा सके। साथ ही बड़े बकायादारो को भी बकाया राशि जमा कर निगम की कार्यवाही से बचने समझाईस दी जा रही हैनगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने राजस्व अमला से कहा है कि शासन की छुट के संबंध में बकायादारो को जानकारी देकर वसूली करे।

# छग के सरकारी स्कूलों में एआई की एंट्री

**रायपुर 8 अप्रैल।** शिक्षकों को एआई टूल और सुधारात्मक विधियों का प्रशिक्षण मिलेगा। छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों की पठन क्षमता, लेखन और स्मरण शक्ति को बेहतर बनाने की दिशा में एक नया कदम उठाया गया है। शिक्षा विभाग ने ढ्ढ आधारित एप्लीकेशन लागू करने की योजना बनाई है। जिसका उद्देश्य बच्चों के अध्ययन स्तर का आकलन कर उनके समस्या समाधान के लिए रणनीतियां तैयार करना है। इस पहल को राज्य स्तर पर एक कार्यशाला के दौरान साझा किया गया, जिसमें इसके रूपरेखा को निर्धारित किया गया।

इस योजना की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में दो जिलों में की जाएगी और इसके सफल होने के बाद इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। इसके तहत 15 जिलों से 200 घंटे का कंटेंट तैयार किया गया है। राज्य शिक्षा विभाग के अधिकारी जेपी रथ ने बताया कि यह कदम बच्चों की पठन क्षमता और समझ को बेहतर बनाने के उद्देश्य से




उठाया गया है। इसके लिए वाधवानी एआई के सहयोग से विकसित एक टूल, 'मौखिक धाराप्रवाह पठन टूल' का इस्तेमाल किया जाएगा। जिससे प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की पठन दक्षता का सटीक आकलन किया जाएगा और उपचारात्मक सुधार प्रदान किया जाएगा।

इस टूल की मदद से बच्चों की आवाज को रिकॉर्ड करके उसे लिखित शब्दों (ट्रांसक्रिप्ट) में बदल दिया जाता है, जिससे शिक्षक केवल 2ङ्क3 मिनट में बच्चों की पढ़ने की सटीकता और गति का आकलन कर सकते हैं। मनीष सिंह, स्ट्रीट कोऑर्डिनेटर ने बताया कि इस टूल को राज्य की भाषा और बच्चों की स्थानीय बोली के अनुसार प्रशिक्षित किया गया है। इसके लिए 300 से अधिक स्कूलों से 200 घंटों का वॉयस डेटा एकत्रित किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा 3-5 और 6-8 के बच्चों की पठन दक्षता को सुनिश्चित करना है, ताकि सभी बच्चे धाराप्रवाह और समझ के साथ पढ़ सकें। साथ ही, निपुण भारत मिशन के तहत तय किए गए पठन लक्ष्यों को भी प्राप्त किया जाएगा। इसके अलावा, शिक्षकों को इस प्रणाली के माध्यम से बच्चों के पठन स्तर का सटीक आकलन करने और सुधारात्मक शिक्षण देने में मदद मिलेगी।

इस मॉडल को पहले राजस्थान और गुजरात में सफलता पूर्वक लागू किया गया है, और अब छत्तीसगढ़ में इसे व्यापक स्तर पर लागू करने की योजना है। छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में एआई का उपयोग बच्चों की पठन क्षमता सुधारने के लिए किया जाएगा।

# सरकार सुनिश्चित करे आर.टी.ई. में बच्चों का एडमिशन होगा: कांग्रेस

**रायपुर 8 अप्रैल।** प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण इस साल गरीबों के बच्चों का एडमीशन अधर में लटका हुआ है। प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि फीस की राशि नहीं बढ़ाने के कारण प्राईवेट स्कूल वाले आर.टी.ई. के तहत बच्चों का एडमीशन देने से मना कर दिये है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार तुरंत प्राईवेट स्कूल के प्रतिनिधियों से बात करे, गतिरोध समाप्त करे, ताकि बच्चों का एडमीशन हो सके।

कांग्रेस की यूपीए सरकार ने गरीबों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने आर.टी.ई. लेकर आई थी, भाजपा सरकार उसमें अवरोध पैदा कर रही। प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि निजी स्कूल संचालकों की मांगे जायज है उनको 2011 के समय तय किये गये दर से भुगतान किया जाता रहा, 14 साल बाद जब महंगाई खर्चे एवं तमाम समाग्रियों के रेट बढ़ गये है ऐसे में सरकार को हठधर्मिता छोड़कर निजी संचालकों की मांगो पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिये। यह प्रदेश के लाखों गरीब विद्यार्थियों के भविष्य का सवाल है इस मामले का तुरंत निराकरण होना चाहिये।

प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब बच्चों को शिक्षा का अधिकार देना नहीं चाहती। इसलिये निजी स्कूलों के साथ विवाद को सुलझा नहीं रही है जिसके चलते गरीब बच्चे भर्ती को लेकर अधर में अटके हुए है। निजी स्कूलों ने सरकार के खिलाफ पहले ही मोर्चा खोल दिया है। असहयोग आंदोलन चला रही है फीस बढ़ोतरी नहीं होने पर गरीब बच्चों को आरटीई के तहत भर्ती नहीं करने की घोषणा कर दी है। प्रदेश के 6500 से अधिक निजी स्कूलों ने 28 जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी को भर्ती नहीं करने की लिखित सूचना भी दे दी है ऐसे में सरकार को हठधर्मिता त्याग कर निजी स्कूलों से चर्चा करना चाहिये। आरटीई के भर्ती में नियम में किये बदलाव को वापस लेना चाहिये, निजी स्कूलों के फीस बढोत्तरी पर चर्चा कर समाधान निकालना चाहिये।

## एक नजर

## आरक्षण विधेयक क्यों लटका हुआ है: दीपक बैज



**रायपुर 8 अप्रैल।** धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पर राज्यपाल के हस्ताक्षर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह विधेयक भाजपा के राजनैतिक एजेंडे का हिस्सा था इसलिये बिना कानूनी पहलू का परीक्षण किये ही राज्यपाल ने हस्ताक्षर कर दिया जबकि इस विधेयक के प्रावधान राज्य के विषय क्षेत्र से बाहर था इसे तो राष्ट्रपति के पास अनुमोदन के लिये भेजा जाना था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जब धर्म स्वातंर्त्य विधेयक पर राज्यपाल का हस्ताक्षर हो गया है यह कानून का रूप धारण कर चुका है तो यह उम्मीद की जाती है कि इस कानून का दुरूपयोग सरकार किसी वर्ग के मौलिक और संवैधानिक अधिकारों के हनन का माध्यम नही बनेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राजभवन में पिछले साढ़े तीन साल से छत्तीसगढ़ आरक्षण शंशोधन भी लंबित है। सरकार में उस विधेयक पर अध्ययन के लिये कमेटी भी बनाई है। उस विधयेक के संबंध में सरकार पहल कर राज्यपाल के हस्ताक्षर करवाने के लिये प्रयास क्यो नही करती है? धर्म स्वातंर्त्य विधेयक भाजपा के एजेंडे से जुड़ा था तो इस पर तुरंत हस्ताक्षर हो गया आरक्षण शंशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर क्यों नही हो रहा है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 32 प्रतिशत आरक्षण, अनुसूचित जाति के लिए उनकी आबादी के अनुरूप 13 प्रतिशत आरक्षण और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान उस नवीन आरक्षण विधेयक 2022 में किया है। सभी वर्गो के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले ईडब्ल्यूएस के लिए भी 4 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था उस विधेयक में है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के षडयंत्र और दुर्भावना के चलते ही राजभवन की आड़ में आरक्षण विधेयक को लंबित रखा गया है।

## प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में बढ़ रही : भाजपा

**रायपुर 8 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पाण्डेय ने महतारी वन्दन योजना के तहत प्रदेशभर की 70 लाख विवाहित महिलाओं के खाते में योजना की राशि की 26वीं किश्त जमा होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार का आभार मानते हुए कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार महिलाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1 हजार रुपए महतारी वंदन की राशि सतत रूप से भेजी जा रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सहयोग कर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में बढ़ रही है। महतारी वंदन योजना की राशि का प्रदेश की मातृशक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार उपयोग कर रही है। महतारी वंदन योजना के तहत 26वीं किश्त प्राप्त कर लाभान्वित होने वाली महिलाओं को बधाई देते हुए श्रीमती पांडेय ने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने और महिलाओं के कल्याण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम की तैयारियां तेज

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी हो सकते हैं शामिल

**रायपुर 8 अप्रैल।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर 12 अप्रैल से 24 अप्रैल तक देशभर में श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में राजधानी रायपुर में एक महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें 24 अप्रैल को कबीरधाम में होने वाले भव्य समापन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जानकारी दी गई कि परिषद के संरक्षक एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। इसके साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, विधायक एवं सांसदों की उपस्थिति भी संभावित बताई गई है, जिससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया है।

यह राष्ट्रीय अभियान राजधानी दिल्ली से प्रारंभ होकर विभिन्न राज्यों में संचालित हो रहा है, जिसका समापन 24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम में किया जाएगा। बैठक के दौरान पंचायत स्थापना दिवस के सफल आयोजन के लिए रूपरेखा, व्यवस्थाएं, जिम्मेदारियां और जनसंपर्क अभियान पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक रायपुर स्थित विमला देवी चंद फाउंडेशन भवन में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर से जिला, ब्लॉक एवं प्रखंड स्तर के संयोजक एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बरुण कुमार सिन्हा, मनोज जद्दोन, राष्ट्रीय महामंत्री वैभव डांगंगे, डॉ. रूद्र भानु (वित्त), श्रीमती प्रियंबदा सिंह सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों की उपस्थिति संभावित बताई गई।

प्रदेश स्तर पर आयोजित इस बैठक में संरक्षक डॉ. ममता साहू, सलाहकार डॉ. उदयभान सिंह चौहान, प्रदेश महासचिव श्रीमती भगवती मिरज, संगठन मंत्री अनिता उके, सहसंयोजक दिनेश कुमार कौशिक, मंत्री अभिषेक खांडेकर, कार्यवाहक सहसंयोजक बी.वी. राजकुमार एवं महिला प्रकोष्ठ सहसंयोजक शिवानी सिंह राजपूत सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बस्तर, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और सरगुजा संभागों से आए लगभग 150 से 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने 24 अप्रैल को कबीरधाम में आयोजित कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने का संकल्प लिया। विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं और ग्राम पंचायत सरपंचों, जनपद एवं जिला पंचायत प्रतिनिधियों से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया।

बैठक में आयोजन की सफलता के लिए प्रशासनिक तैयारियों पर भी जोर दिया गया। संबंधित विभागों–पुलिस, फायर, नगर निगम, स्वास्थ्य एवं ट्रैफिक विभाग–से समय पर अनुमति लेने के निर्देश दिए गए। साथ ही, प्रत्येक जिले में समन्वय को मजबूत करने के लिए अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर टीम गठन करने पर भी बल दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रभारी घनश्याम प्रसाद यादव के नेतृत्व में किया गया। बैठक का समापन छत्तीसगढ़ महतारी के राज्य गीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि 24 अप्रैल को कबीरधाम में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल ऐतिहासिक होगा, बल्कि पंचायतों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर भी साबित होगा।

## योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं:अंजय शुक्ला

**रायपुर, 8 अप्रैल।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के दर्शन एवं योग अध्ययनशाला में विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री अंजय शुक्ला (उपाध्यक्ष, औषधि पादप बोर्ड, छत्तीसगढ़; प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा; प्रदेश संयोजक, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा योग एवं औषधि मानव जीवन में अत्यंत उपयोगी हैं तथा दोनों का परस्पर गहरा संबंध है। उन्होंने इस विषय पर अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष जे. एल. गहरे ने की। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अध्ययनशाला से जुड़े रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र कुमार प्रेमी, श्रीमती कमला पटेल एवं चितरंजन कुमार साहू सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। वरिष्ठ विद्यार्थी राजेश मढरिया (भूतपूर्व अध्यक्ष, साइंस कॉलेज) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विदाई समारोह में कक्षा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, पी. डिप्लोमा योग एवं सर्टिफिकेट कोर्स के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी कक्षा एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित एवं आकर्षक ढंग से की गई।

# आरटीई में बदलाव के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन

**रायपुर 8 अप्रैल।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में टैगोर नगर स्थित माध्यमिक शिक्षा मंडल का घेराव किया गया, कांग्रेस के नेताओं ने हाथों में तख्तिया लिए शिक्षा विभाग एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा के अधिकार कानून में किए गए बदलाव का कड़ा विरोध दर्ज कराया गया साथ ही

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा कि शिक्षा का अधिकार कानून, जो पिछले 12 वर्षों से गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को नर्सरी से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का माध्यम रहा है, उसे वर्तमान सरकार द्वारा कमजोर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में आरटीई के तहत नर्सरी, केजी 1 एवं केजी 2 से ही बच्चों का प्रवेश प्रारंभ होता था, जिससे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा मजबूत होती थी और उन्हें बेहतर वातावरण में सीखने का अवसर मिलता था। लेकिन राज्य सरकार द्वारा इसे बदलकर कक्षा पहली से प्रवेश देने का निर्णय लिया गया है, जो हजारों गरीब परिवारों के साथ अन्याय है।ज्ञापन मे उल्लेख किया गया कि इस नए नियम के कारण नर्सरी, केजी 1 एवं केजी 2 की कक्षाएं आरटीई के दायरे से बाहर हो जाएंगी, जिससे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा प्रभावित होगी। छोटे बच्चों के लिए यह तीन वर्ष की शिक्षा आधार निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है, जिसे सरकार नजरअंदाज कर रही है। साथ ही, बच्चों को अलग अलग स्कूलों के माहौल में ढालने की समस्या भी उत्पन्न होगी।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि पिछले वर्षों में आरटीई कानून का दुरुपयोग होने के कारण कई स्कूलों में सीटें खाली रह जाती थीं, लेकिन सरकार को इसे सुधारने के बजाय कानून को ही सीमित करने का निर्णय नहीं लेना चाहिए।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि जहां पहले लगभग 75,000 बच्चों को आरटीई के तहत प्रवेश मिलना था, वहीं अब यह संख्या घटकर मात्र 19,000 रह जाएगी। यह निर्णय सीधे तौर पर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और सरकार केवल आर्थिक बचत जो लगभग 100 से 150 करोड़ रुपये है उसके लिए यह कदम उठा रही है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि आरटीई कानून के मूल स्वरूप को बरकरार रखते हुए पुन नर्सरी से ही प्रवेश की व्यवस्था प्रारंभ की जाए, ताकि गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को इस कानून का वास्तविक लाभ मिल सके।




## PICTURE-स्टोरी



**रायपुर 8 अप्रैल। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का आज राजीव गांधी चौक पर पुतला दहन किया गया।**

## निधन

## जाहिद मिर्जा

**रायपुर।** डी-1, पलाश विहार, महावीर नगर निवासी छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के रिटायर्ड अधिकारी जाहिद मिर्जा (64) का इंतेकाल हो गया। वे तौहीद मिर्जा के वालिद थे। आज उनके जनाजे की नमाज बाद नमाज़ जोहर हजरत फतेह शाह मस्जिद के सामने टिकरापारा रोड स्थित बैरन बाज़ार क़ब्रिस्तान में पढ़ी जाएगी। इसके बाद वहीं उन्हें सुपुर्दे खाक किया जाएगा।



# छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के पारित होने पर आभार

**रायपुर 8 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पारित किए गए धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विधेयक के समर्थन में चंद्रनाहूं कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप, तिरेला कुर्मी समाज के अध्यक्ष ललित काकड़े ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जिस तरह से प्रलोभन देते हुए लोगों को धर्म से भटकाने का सिलसिला चल रहा था, उसे रोकने के लिए सरकार द्वारा की गई पहल सराहनीय है समाज प्रमुख होने के नाते हम इस विधेयक का समर्थन करते हैं उन्होंने बताया कि इसकी रोकथाम के लिए सामाजिक बैठकों के माध्यम से चिंतन किया जाता रहा है इसके चलते अभी तक प्रदेश भर में कुर्मी समाज के किसी परिवार द्वारा दूसरे धर्म को अपनाने का मामला नहीं है।

चंद्राकर ने कहा कि हमारा समाज सदैव से भारतीय संस्कृति परंपराओं और सामाजिक समरसता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। छत्तीसगढ़ की पहचान उनकी विविधता, परंपराओं और सामाजिक जीवन- शैली से जुड़ी हुई है, जहां आस्था केवल व्यक्तिगत विषय नहीं बल्कि सामाजिक संरचना का अभिन्न अंग होती है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे प्रकरण सामने आए हैं जहां धर्मांतरण से जुड़े विवादों ने सामाजिक तनाव और विभाजन की स्थिति उत्पन्न की है अनेक मामलों में यह चिंता व्यक्त की गई कि आस्था परिवर्तन स्वैक्षिक न होकर प्रलोभन, दबाव या अनुचित प्रभाव के माध्यम से किया गया, जिसमें समाज के भीतर संतुलन और सांस्कृतिक विघटन की स्थिति बनी। ऐसी परिस्थितियों में यह आवश्यक था कि धर्म परिवर्तन से जुड़े विषयों को स्पष्ट विधिक ढांचे में लाया जाए, ताकि वास्तविक धार्मिक स्वातंत्रता सुरक्षित रह सके और उसके दुरुपयोग की संभावनाओं को रोका जा सके।

आरोप | आयुष्मान योजना में घोटाला

# लाइसेंस निरस्त कर कार्डों को ब्लैकलिस्ट करने व करोड़ों की रिकवरी की मांग

**गरियाबंद 8 अप्रैल।** आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पताल में इलाज के नाम पर सामने आए बड़े फर्जीवाड़े के मामले में अब कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। इस मामले को लेकर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. अरविंद नाथ तिवारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

डॉ. तिवारी ने कहा कि जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं और यह सिर्फ एक मामला नहीं बल्कि बड़े स्तर पर योजनाबद्ध घोटाले की ओर इशारा करता है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित अस्पताल का लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाए और



जिन आयुष्मान कार्डों का दुरुपयोग हुआ है, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि मरीज को सिर की चोट के इलाज के नाम पर भर्ती किया गया, लेकिन कागजों में निमोनिया और आईसीयू इलाज दिखाकर भारी-भरकम बिल तैयार किया गया। साथ ही, मरीज को अनावश्यक रूप से दूर ले जाकर जांच और इलाज के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूली गई।

डॉ. तिवारी के अनुसार, इस पूरे मामले में फर्जी बिलिंग और ब्लॉकिंग के जरिए 5 से 10 करोड़ रुपए तक के घोटाले की आशंका है। उन्होंने कहा कि जितनी भी राशि फर्जी तरीके से निकाली गई है, उसकी पूरी रिकवरी कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि– संबंधित अस्पताल का लाइसेंस निरस्त किया जाए, दोषी डॉक्टरों और प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज हो, आयुष्मान योजना के दुरुपयोग में शामिल कार्डों को ब्लैकलिस्ट किया जाए, फर्जी क्लेम की पूरी राशि की वसूली की जाए

डॉ. तिवारी ने यह भी कहा कि यदि इस मामले में सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में और बड़े स्तर पर इस तरह के घोटाले सामने आ सकते हैं, जिससे गरीब मरीजों के हक पर सीधा हमला होगा। प्रशासन द्वारा जारी जांच प्रक्रिया जारी है, लेकिन अब इस मामले में जनप्रतिनिधियों और संगठनों का दबाव बढ़ता जा रहा है।

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के भाटिया बने अध्यक्ष



**रायपुर 8 अप्रैल।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आज बैठक हुई। बैठक के दौरान सभी सदस्यों और उपस्थित संगत की सहमति से सरदार बलदेव सिंह जी भाटिया पप्पू वीरजी को सर्वसम्मति से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन की घोषणा होते ही संगत में हर्ष का माहौल बन गया और उपस्थित सभी लोगों ने जयकारा की गूंज के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के बुजुर्गों, समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं संगत ने नवनियुक्त अध्यक्ष को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26